नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 271 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 9 अगस्त 2022

पेज -3 पर सिरपुर में दिव्य गंगा आरती के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर में निशान यात्रा एवं श्याम अखंड ज्योति ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## छत्तीसगढ़ में 3 साल की बच्ची को स्वाइन फ्लू:बालोद की बच्ची रायपुर में भर्ती

### प्रदेश में एक्टिव केस 11 हुए

बालोद। छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। अब बालोद में 3 साल की बच्ची में संक्रमण की पुष्टि हुई है। बच्ची को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कलेक्टर ने अलर्ट कर दिया है।





### प्राइवेट लैब ने जांच में पुष्टि की

स्वास्थ्य विभाग को भी मुस्तैदी से काम के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद प्रदेश में स्वाइन फ्लू के एक्टिव केस 11 हो गए हैं। एक दिन पहले ही रविवार को कवर्धा की 4 साल की बच्ची की मौत भी इलाज के दौरान रायपुर में हुई है।

इस साल बालोद में यह पहला स्वाइन फ्लू का केस है। बच्ची गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सतमरा की रहने वाली है। बच्ची को स्वाइन फ्लू की पुष्टि एक प्राइवेट लैब की रिपोर्ट पर की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में अभी प्रारंभिक स्थिति है। इस पर नियंत्रण के लिए जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। इस वायरस से होने वाले सिम्टम्स को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे लोगों का उचित इलाज हो सके।

### कोविड के बाद नया खतरा, जिले में अलर्ट

जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच स्वाइन फ्लू नया खतरा बनने लगा है। जिले में अभी कोरोना के 227 एक्टिव केस हैं। वहीं अब स्वाइन फ्लू का भी पहला मामला दर्ज किया गया है। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने बताया की प्रोटोकॉल के हिसाब से सारे कार्य किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन साल की बच्ची में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने की जानकारी मिली है। प्रदेश भर में अब तक 28 लोग स्वाइन फ्लू की चपेट में आ चुके हैं। इसमें से 4 साल के एक बच्चे की मौत हो गई है। कवर्धा की रहने वाली बच्ची सर्दी-जुकाम से पीड़ित थी। परिजनों ने उसे 4 जुलाई को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां उसे निमोनिया बताया गया, बाद में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची की मौत फेफड़ों के पूरी तरह काम बंद करने की वजह से हुआ है।

### क्या है यह स्वाइन फ्लू

डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया, स्वाइन फ्लू भी सामान्य इंफ्लूएंजा यानी सर्दी-जुकाम जैसे लक्षणों वाला ही होता है। अंतर यह है कि सामान्य सर्दी-जुकाम अधिकतम तीन दिनों में ठीक हो जाता है, लेकिन स्वाइन फ्लू में यह कई दिनों तक चलता है। इससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और दिल, किडनी, फेफड़े, रक्तचाप, कैंसर आदि की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह फ्लू घातक हो सकता है।

### यह लक्षण दिखें तो नजरअंदाज न करें

*डॉक्टरों का कहना है, स्वाइन फ्लू एक इंफ्लुएंजा वायरस की वजह से होता है जो सूअरों में पाया जाता है। तीन दिनों से अधिक समय तक 101 डिग्री से अधिक बुखार रह रहा हो, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ हो रही हो, नाक से पानी आ रहा हो या फिर नाक पूरी तरह बंद हो गई हो, थकान, भूख में कमी और उल्टी जैसे लक्षण स्वाइन फ्लू हो सकते हैं।*

## संस्कृत सप्ताह का आयोजन 14 अगस्त तक





### संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् में संस्कृत सप्ताह का आयोजन मां सरस्वती एवं संस्कृत विद्यामण्डलम् के प्रतीक चिन्ह भगवान श्री शिव शंकर भोलेनाथ के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुखदेव राम सरस ने की। उल्लेखनीय है कि 8 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित संस्कृत सप्ताह के दौरान संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर डॉ. सरस ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है। जब तक संस्कृत भाषा जीवित है, तब तक हमारी संस्कृति और संस्कार जीवित रहेंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह ने कहा कि संस्कृत एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में आज भी विद्यमान है।

## एक नजर

बस्तर में भारी बारिश

### उफान पर नदी-नाले, कई गांवों का संपर्क टूटा

**बस्तर।** दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। दो सिस्टम बने हैं,? जिनका असर बस्तर संभाग के कई जिलों में रविवार से दिख रहा है। मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। जगदलपुर और बीजापुर में पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है। भारी बारिश को देखते हुए बस्तर जिले में जिला प्रशासन ने स्कूल बंद कर दिए गए हैं। नदी-नाले उफान पर होने की वजह से छत्तीसगढ़-तेलंगाना नेशनल हाईवे फिर बंद हो गया है कई गांवों का संपर्क संभाग मुख्यालय से टूट गया है।

## गौरवपथ में ठेकेदार की मनमानी से पलटी कार

दुर्ग। गौरवपथ पर निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही से मिट्टी डंप करने के कारण आज शाम एक कार पलट गई। कार में सवार लोग सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



वोरा ने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे को घटना की जानकारी देते हुए मिट्टी के ढेर को तत्काल हटाने कहा है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम मुकेश रावटे भी मौके पर पहुंच गए हैं। वोरा ने कहा है कि गौरवपथ, जीई रोड सहित अन्य स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद रहने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीती रात ठगड़ा बांध के पास स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण डिवाइडर पर एक कार चढ़ गई। गनीमत रही कि देर रात को हुई घटना के दौरान ट्रैफिक कम होने से बड़ा हादसा नहीं हुआ। वोरा ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़कों पर गड्ढे पाटने और गौरवपथ पर डंप किये गए मिट्टी के ढेर को हटाने के निर्देश दिये हैं।



## 22 बच्चों की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया कैंप, डायरिया या फूड पॉइजनिंग?

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मध्याह्न भोजन खाने के बाद 22 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को बच्चे स्कूल से घर पहुंचे, उसके बाद तबीयत खराब हुई है। घबराए परिजनों ने पहले तो बच्चों को घरेलू उपचार किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन को भी जानकारी दी गई। मितानिन ने दवाई भी दी, लेकिन बच्चों की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह डायरिया है या फूड पॉइजनिंग स्वास्थ्य विभाग इसकी जांच कर रही है। घटना कोटा ब्लॉक का है।



कोटा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी निखलेश गुप्ता ने बताया कि सोनसाय नवागांव में 22 बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टरों की टीम गांव पहुंची। बीमार बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनसाय नवागांव के पंडरी पानी और दो मुहानी मोहल्ले में उल्टी-दस्त और सर्दी, खांसी जैसी बीमारी से 22 बच्चों की तबीयत खराब हुई है। बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोंगसरा में भर्ती कराया गया। डॉक्टर दीक्षा की टीम उपचार कर रही हैं। पीएचई विभाग ने पानी का सैंपल लिया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप लगाया है।

## तंत्र-मंत्र से जमीन में गड़ा सोना निकालने का दिया झांसा, बैंक कर्मी सहित 7 से ठगे 14 लाख रुपये, 3 गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में तंत्र विद्या के जरिए जमीन में गड़ा बेशकीमती धन निकालने का झांसा देकर सेंट्रल बैंक सूरजपुर के कर्मचारी सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों से 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। मामले की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने कोरबा निवासी 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले का मास्टरमाइंड अब तक फरार है। अंधविश्वास में रकम लुटाने सूरजपुर एसपी रामकृष्ण साहू ने बताया कि शनिवार को ग्राम खोड़ रमकोला निवासी अभिषेक प्रताप सिंह (27 वर्ष) ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह सूरजपुर सेंट्रल बैंक में बीसी के पद पर कार्यरत हैं। 21 जून को बैंक में कोरबा निवासी विमल सिंह ठाकुर ने बातचीत के दौरान कहा था कि वह तंत्र विद्या से गड़ा धन निकालने का काम करता है। अभिषेक गड़ा धन की लालसा में उसके झांसे में आ गया। दूसरे दिन विमल सिंह ठाकुर अपने साथी नरेश कुमार पटेल, मनोज कुमार केंवट एवं अशोक दास के साथ आर्टिका वाहन में उसके पास पहुंचे। बातचीत से उसे पूरी तरह अपने झांसे में लिया।



## ठगी के मामले में 7 वर्षों से फरार महिला गिरफ्तार

**रायपुर ।** टीएमटी सरिया खरीदकर 48 लाख से अधिक की ठगी करने वाली महिला को 7 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आर.आर. सिंह, बालाजी लोहा कंपनी का डायरेक्टर है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया था कि आरोपी मेसर्स रानी सती सेल्स महासमुंद छत्तीसगढ़ की प्रोपाइटर हेमा खेतान, पंकज खेतान एवं उसके सहयोगी द्वारा टीएमटी सरिया क्रय कर कुल 48,33,301 रुपए का भुगतान नहीं किया था।

## अंतिम सावन सोमवार को महादेव के दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**रायपुर ।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतिम सावन सोमवार के अवसर पर शहर के प्राचीनतम मंदिर हटकेश्वरनाथ महादेवघाट रायपुर, खारूनेश्वर महादेव, बूढ़ेश्वर महादेव पुरानी बस्ती, नीलकंठेश्वर महादेव टिकरापारा, सुरेश्वर महादेव सेलटेक्स कालोनी रायपुर, भूतेश्वर महादेव, कुलेश्वर महादेव राजिम सहित प्रदेश भर में शिवभक्तों का तांता महादेव के दर्शन के लिए सुबह से ही जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, फल आदि अर्पित करने के लिए मंदिर के द्वारों पर लगा रहा अंतिम सावन सोमवार के अवसर पर बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी राजेश व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महादेव के अर्धनारिश्वर स्वरूप का श्रृंगार किया गया है। वहीं रावाभांठा स्थित शिव मंदिर में भक्त सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। ज्ञातव्य है कि पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन मास में भोलेनाथ की तनमन धन से आराधना करने पर मनोवांछित फल प्राप्त होता है।





**सुनवाई...** मानव तस्करी रोकथाम (एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग) पर कार्यशाला आयोजित

## महिलाओं के निजता भंग के मामले में महिला आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को लिखा पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज सोमवार को जनसुनवाई बेमेतरा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई।

जनसुनवाई में जिले के 16 विभिन्न प्रकरण रखे गये थे, जिसमें से 13 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया। जनसुनवाई में आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय भी उपस्थित थी। एक अन्य प्रकरण की सुनवाई के दौरान जिला चिकित्सालय में महिलाओं के निजता भंग होने का मामला आया जिसमें आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को पत्र लिखा और कार्यवाही करते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया। इसके साथ ही जिले में मानव तस्करी रोकथाम (एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग) अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास विषय परिचर्चा भी आयोजित की गई। एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा तथ्यों को नहीं बता पाने के कारण आयोग ने जिला संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदिका के गांव जाकर प्रकरण की जांच कर आयोग में प्रस्तुत करें। अनावेदक सरंपच ने बताया कि आवेदिका ने उसके खिलाफ कई जगह शिकायत किया गया है, लेकिन आज कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। इस पर आयोग ने पुलिस के माध्यम से प्रकरण में उभय पक्षों के दो-दो लोगों से पूछताछ कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिसके आधार पर निर्णय लिया जा सके। इस अवसर पर महिला जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, शासकीय अभिभाषक भी उपस्थित थे।







## हिमाचल में सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी, सीएम भूपेश बोले- कांग्रेस की स्थिति मजबूत, सफलता जरूर मिलेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के दौरे से छत्तीसगढ़ लौट आए हैं। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। वहां की प्रदेश सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी है। कांग्रेस के सारे नेताओं के साथ रविवार और सोमवार को पीसीसी के साथ बैठक हुई। वहां कांग्रेस के नेताओं में भारी उत्साह है। बहुत अच्छा वातावरण है। सब लोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात हुई। महंगाई के प्रदर्शन में शामिल हुआ। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के सांसदों को पुलिस ने किंग्सवे कैंप में डिटेन करके रखा था। वहां गया। पुलिस ने मुझे भी 2 घंटे तक गिरफ्तार करके रखा था। बस्तर में माओवादियों द्वारा बड़ी सभा करने पर इंटेलिजेंस फेल होने के भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह की सरकार में कितनी रैलियां होती थी। शहीदी सप्ताह में नक्सली कितना कार्यक्रम करते थे। अभी एक कार्यक्रम हो गया उसका उल्लेख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सली अब बहुत पीछे चले गए हैं। नक्सलियों ने बहुत अंदर में कार्यक्रम किया।



# भारत की खेलों में दशा 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली, कैसे सुधरेगी स्थिति ?

देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए 75 साल हो गए हैं। इन दिनों देश आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न में डूबा हुआ है। 75 साल की इस यात्रा को पीछे मुड़कर देखें तो कई क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व तरक्की की है। फिर भी कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां आज भी हम दुनिया के कई देशों से मीलों पीछे हैं। खेल उन्हीं में से एक है। 130 करोड़ की विशाल आबादी वाले भारत की खेलों में दशा नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली है।

कारण, खेलों को लेकर आज भी उचित वातावरण देश में बन नहीं पाया है, जिसके चलते समाज में बहुत बड़े तबके की रुचि बच्चों को खेलों में भेजने की नहीं है। हालांकि, विगत दो-तीन दशकों में कुछ परिवर्तन देखने को मिला है।

दुनिया में ओलंपिक खेलों का महाकुंभ है। 35 खेलों को ओलंपिक में शामिल किया गया है। ओलंपिक में भारत की 75 वर्ष की यात्रा देखें तो हमने अब तक 7 गोल्ड, 7 सिल्वर और 16 कांस्य पदक जीते हैं। 7 में 5 बार गोल्ड तो भारतीय हॉकी टीम लाई है, जिसकी आज देश में क्या दुर्दशा है? यह जगजाहिर है।

व्यक्तिगत स्पर्धा में पहली बार बीजिंग ओलंपिक- 2008 में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में अभिनव बिंद्रा ने देश के लिए गोल्ड जीता था। व्यक्तिगत स्पर्धा में दूसरा गोल्ड टोक्यो ओलंपिक-2020 में नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में जीता। नीरज तो एथलेटिक्स में देश के लिए पहली बार गोल्ड लेकर आए। ओलंपिक में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के नाम हम उंगलियों पर गिन सकते हैं।

ओलंपिक में शामिल कई खेलों में तो भारत क्वालीफाई तक नहीं कर पा रहा या कई खेल हमारे यहां खेले ही नहीं जा रहे।

टोक्यो ओलंपिक- 2020 में पहली बार हमारी तलवारबाज आनंद सुंदररामन भवानी देवी ने क्वालीफाई किया। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, बॉक्सिंग, शूटिंग, बैडमिंटन, टेनिस में भारतीय खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया है। अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, विजय कुमार, मैरीकॉम, मीराबाई चीनू जैसे पदक विजेताओं ने देश में युवाओं को नया प्रोत्साहन दिया है। एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स में हम जरूर कुछ बेहतर प्रदर्शन करते हैं, पर इन इवेंट्स में खेलों के महारथी देश भाग ही नहीं लेते।




**ओलंपिक में भारत की 75 वर्ष की यात्रा देखें तो हमने अब तक 7 गोल्ड, 7 सिल्वर और 16 कांस्य पदक जीते हैं। 7 में 5 बार गोल्ड तो भारतीय हॉकी टीम लाई है, जिसकी आज देश में क्या दुर्दशा है? यह जगजाहिर है।**

आजादी के बाद खेल न तो सरकार की प्राथमिकता में था और न समाज की। वर्ष 1982 तक भारत सरकार में खेलों को लेकर कोई मंत्रालय या विभाग तक नहीं था। 1982 में नई दिल्ली में जब एशियन गेम्स होने थे, तब पहली बार केंद्र सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स बनाया। 1985 में इंटरनेशनल यूथ ईयर के समय इसे डिपार्टमेंट ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स कर दिया गया।

आजादी के 53 साल बाद यानी 27 मई 2000 को देश को पहली बार स्वतंत्र खेल मंत्रालय मिल सका। वर्ष 2008 में स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स को अलग किया गया। वर्तमान में खेल मंत्रालय का 653 करोड़ रुपए का बजट है। सुखद यह है कि वर्तमान में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे रही है।

आज विदेशों में कोचिंग के अलावा विदेशी एक्सपर्ट की सहायता लेने में सरकार पीछे नहीं है। टोक्यो ओलंपिक में इसके नतीजे देखने को मिले थे। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को लेकर खास दिलचस्पी लेते हैं।

खेलों में भारतीय सेना की भूमिका भी अहम है। आजादी के बाद यदि कहीं खेलों को लेकर गंभीरता रही है तो वह भारतीय सेना में ही रही है। भारतीय सेना में अपने स्तर पर कई बड़े खिलाड़ी तैयार किए। ओलंपिक पदक विजेता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विजय कुमार, नीरज चोपड़ा ऐसे ही बड़े नाम हैं। हॉकी टीम में सेना के खिलाड़ी शामिल होते रहे हैं।

हॉकी के जादूगर ध्यानचंद सेना में मेजर थे। रेलवे, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडियन ऑयल जैसे सरकारी विभाग और कई निजी कंपनियां भी खिलाड़ियों को सपोर्ट कर रही हैं। कई राज्य सरकारों ने खिलाड़ियों को तैयार करने का बीड़ा उठाया है।

वैसे, क्रिकेट के बिना भारत में खेलों की कल्पना नहीं की जा सकती। अच्छा और बुरा, दोनों पक्ष क्रिकेट के साथ जुड़े हैं। क्रिकेट के आलोचकों का मत है कि क्रिकेट के कारण भारत में अन्य खेलों को सही प्रोत्साहन नहीं मिला। दुनिया के मुट्ठी भर देशों में ही खेले जाने वाले क्रिकेट में हमने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया।

सरकार ने परोक्ष तो नहीं, लेकिन अपरोक्ष रूप से क्रिकेट का ज्यादा भला किया। देश में आज अन्य खेलों की अपेक्षा क्रिकेट के सर्वाधिक मैदान हैं, जबकि आजाद भारत में 5 ओलंपिक मेडल दिलाने वाली हॉकी के टर्फ मैदान 22-25 ही होंगे। कुछ ऐसी ही स्थिति अन्य खेलों को लेकर भी है। विडंबना यह है कि भारत आज तक किसी एक खेल को राष्ट्रीय खेल तक घोषित नहीं कर पाया है। वर्ष 2020 में सरकार ने एक आर.टी.आई के जवाब में स्पष्ट किया था कि भारत का कोई आधिकारिक राष्ट्रीय खेल नहीं है।

विनोद पाठक

## संपादकीय

# भारत से प्रतिभा पलायन

भारत के लिये यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ता का विषय है कि भारत के लोग भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। पिछले तीन साल से औसतन 358 लोग प्रतिदिन और प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 63 हजार लोग भारत की नागरिकता त्यागकर विदेशों में बस गये हैं। भारत से पलायन कर विदेशों में बसने के क्या कारण है? ऐसा क्यों हो रहा है? क्या आम नागरिकों को जिस तरह का सहज एवं शांतिपूर्ण जीवन अपेक्षित होता है, उसका अभाव पलायन का कारण है? क्या रोजगार एवं जीवन निर्वाह की मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराने में सरकार नाकाम हो रही है? जो भी कारण हो, नागरिकों का भारत से पलायन एक गंभीर समस्या है, इसके कारणों का पता लगाकर उस पर नियंत्रण किया जाना नितान्त अपेक्षित है। हालांकि, भारत दुनिया में तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होता राष्ट्र है। देश में विकास की फिजां बन रही है, शांति का हिंसामुक्त वातावरण बन रहा है। रोजगार एवं व्यापार की अनेक संभावनाएं उजागर हो रही हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व में नागरिकों से अपील की थी कि उनका उद्देश्य अपने देश की सेवा एवं विकास होना चाहिए, फिर भी न जाने क्यों, इतनी बड़ी संख्या में भारतीय पलायन कर रहे हैं? उनको समझना चाहिए कि यदि इसी गति से प्रतिभाओं एवं नागरिकों का पलायन होता रहेगा, तो राष्ट्र विरोधी तत्व अधिक मजबूत होंगे। संभवत- देश की शिक्षा नीति में ही कोई कमी रही होगी कि पिछले अनेक वर्षों से हमारा देश पैसा बनाने की मशीनें तैयार करता रहा है। जिम्मेदार और जागरूक नागरिक अब भी कम दिखाई पड़ते हैं। ये

# मालदीव से बेहतर होते रिश्ते, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर हो रहा काम

*मालदीव में राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के सत्ता में आने के बाद भारत के साथ संबंधों में जो प्रगाढ़ता आई थी, सोलिह की हालिया यात्रा से वह और मजबूत हुई है। वर्ष 2018 के बाद से राष्ट्रपति सोलिह की यह तीसरी भारत यात्रा थी, जिसमें भारत-मालदीव के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इसके अलावा, भारत ने खुद को मालदीव के एक महत्वपूर्ण विकास और सुरक्षा भागीदार के रूप में भी पेश किया।*

इस यात्रा के दौरान हुए घटनाक्रमों से मालदीव के अगले राष्ट्रपति चुनाव में सोलिह को बढ़त मिलने की उम्मीद है, जहां उन्हें चीन समर्थक पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

मालदीव में चीन अपने बुनियादी ढांचे के माध्यम से बड़ी पैठ बनाने की कोशिश कर रहा है। विकासशील देश होने के नाते मालदीव को कनेक्टिविटी में सुधार के लिए ढांचागत विकास की आवश्यकता है। मालदीव एक द्वीप समूह वाला राष्ट्र है और शायद यह सबसे अधिक फैले हुए द्वीपीय देशों में से एक है। यहां तक कि माले शहर का हवाई अड्डा भी एक दूसरे द्वीप हुलहुले में स्थित है। चीन ने एक पुल का निर्माण कर हुलहुले को माले से जोड़ा है। इस पुल का शुरू में मालदीव के लोगों ने स्वागत किया था, पर उनका उत्साह जल्द ही खत्म हो गया, जब उन्हें पता चला कि ये भव्य चीनी ढांचागत परियोजनाएं बड़ी कीमत पर आ रही हैं। इसने देश पर भारी कर्ज का बोझ लाद दिया। वास्तव में मालदीव को इस बात का डर है कि वह भी पड़ोसी श्रीलंका की तरह कर्ज के जाल में फंस सकता है। साथ ही, वह यह भी चाहता है कि देश पर कर्ज का बोझ डाले बिना उसकी ढांचागत जरूरतों का ध्यान रखा जाए।



**मालदीव का करीबी पड़ोसी होने के नाते भारत वहां कनेक्टिविटी में सुधार के लिए मदद करना चाह रहा है और इसी उद्देश्य से ग्रेट माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है।**

मालदीव का करीबी पड़ोसी होने के नाते भारत वहां कनेक्टिविटी में सुधार के लिए मदद करना चाह रहा है और इसी उद्देश्य से ग्रेट माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। सोलिह की यात्रा का एक उद्देश्य परियोजना के औपचारिक शुभारंभ का संकेत देने वाले आभासी शिलान्यास समारोह में भाग लेना था। यह परियोजना मालदीव के चार द्वीपों को जोड़ेगी। इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी और उन द्वीपों में जन-केंद्रित आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यह पड़ोस में भारत की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक होगी। परियोजना की लागत लगभग 50 करोड़ डॉलर है, जिसमें से 10 करोड़ डॉलर अनुदान है। मोदी और सोलिह इसे समय पर पूरा होते देखना चाहते हैं। भारत ने मालदीव में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 10 करोड़ डॉलर की एक नई लाइन ऑफ क्रेडिट की भी पेशकश की। इसके अलावा, भारत पहले से ही एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के बायर्स क्रेडिट फाइनेंसिंग के तहत ग्रेटर माले में 4,000 आवास इकाइयां विकसित कर रहा है। इसे मालदीव सरकार ने अपने नागरिकों को किफायती आवास प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया है। भारत ने 1.19 करोड़ डॉलर की लागत से ग्रेटर माले में 2,000 और आवास इकाइयों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत अभी 45 सामुदायिक विकास परियोजनाओं में लगा हुआ है, जिसे मालदीव में अनुदान सहायता के जरिये कार्यान्वित किया जा रहा है। ये परियोजनाएं इस द्वीपीय देश के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। भारत और मालदीव रक्षा क्षेत्र में भी करीबी साझेदार हैं और दोनों पक्षों ने इस बात को दोहराया कि उनकी साझेदारी हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक ताकत है। इस साझेदारी को और मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। दोनों पक्षों ने माना कि उनकी सुरक्षा आपस में जुड़ी हुई है और उन्हें एक-दूसरे की सुरक्षा चिंताओं के प्रति सचेत रहना होगा।

आनंद कुमार

## मिला जुला

# अनेक संघर्षों से समाज की मुख्यधारा की ओर अग्रसर-आदिवासी समाज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विश्व आदिवासी दिवस उन विशेष लोगों को समर्पित विशेष दिवस है। जिसका कालखंड सदियों पुरानी व प्राचीन जमीन स्तर से जुड़कर समाजोन्मुखी, देशहित में काम करने वाले जन समुदाय, जननायकों की याद दिलाता है। जिनका अथक योगदान मरते दम तक बना रहा जैसे बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती जैसे समीचीन अनगिनत इस देश की गौरव गाथा का प्रतीक रहा हैं। आदिवासी समाज जन, जंगल, जमीन से जुड़कर आज तक संघर्षरत हैं। यदि हम बात करें आदिवासी कौन होते हैं और आदिवासी शब्द कैसे बना है। तो आदिवासी शब्द दो शब्दों से आदि और वासी से मिलकर बना है। जिसका तात्पर्य है जो आदि काल से वास कर रहा हो अर्थात मूल निवासी हो। भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा आदिवासियों का है। भारत देश में 11 करोड़ से ज्यादा आबादी लगभग वास करते हैं। पुरातन संस्कृत ग्रंथों में आदिवासियों को अत्विका और वनवासी भी कहा गया है। भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची में आदिवासियों के लिए अनुसूचित जनजातियों का उपयोग किया गया है।




### आदिवासी समाज

छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग में गोड़ जनजाति फैले हुए हैं। पहले महाकौशल में सम्मिलित भूभाग का अधिकांश हिस्सा गोंडवाना कहलाता था। आजादी के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत आने वाली 14 रियासतों में 4 रियासत मशः कवर्धा, रायगढ़, सारंगढ़ एवं शक्ति गोंड रियासत था। गोंडों ने श्रेष्ठ सौन्दर्यपरक संस्कृति विकसित की है। नृत्य व गायन उनका प्रमुख मनोरंजन है। बस्तर क्षेत्र की गोंड जनजातियां अपने सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण समझी जाती हैं। ये लोग व्यवस्थित रूप से गाँवों में रहते हैं। मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य एवं लकड़हारे का कार्य करना है। इनकी कृषि प्रथा डिप्पा कहलाती है। इनमें ईमानदारी बहुत होती है। इसी तरह भारत के प्रमुख आदिवासी समुदायों में संथाल, गोंड, मुंडा, बोडो, भील खासी सहरिया गरासिया, मीणा, उरांव, बिरहोर आदि हैं। आदिवासियों का अपना धर्म है। ये प्रकृति के पूजक हैं और जंगल पहाड़ नदियों एवं सूर्य की आराधना करते हैं। इनके अपने पारंपरिक परिधान होते हैं जो ज्यादातर प्रकृति से जुडे होते हैं। इनका रहन सहन बोलचाल खाद्य सामग्री भी अलग होता हैं। कन्दमूल का भी सेवन करते हैं। भारत में आदिवासी मुख्यरूप से उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्रए आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंडए पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक है जबकि भारतीय पूर्वोत्तर राज्यों में यह बहुसंख्यक हैं। जैसे मिजोरम में ये बहुसंख्यक है। इसी तरह अनगिनत जनजाति छत्तीसगढ़ के भूभाग में भी निवासरत हैं जिनमें कोरवा, उरांव, भतरा, कँवर, कमार, माड़िया, मुड़िया, भैना, भारिया, बिंझवार, धनवार, नगेशिया, मंझवार, खैरवार, भुंजिया, पारधी, खरिया, गड़ाबा या गड़वा, महरा, महार, माहरा इत्यादि हैं।

### विश्व आदिवासी दिवस की शुरुआत

*संयुक्त राष्ट्र संघ जिसका मुख्य उदेश्य पुरे विश्व में शांति स्थापना और बंधुतापूर्ण संपर्क देशों के बीच बढ़ाना हैं, 1994 में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का फैसला लिया गया। जनजातीय समाज के समस्याओं जैसे गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा का अभाव, बेरोजगारी एवं बंधुआ मजदूर आदि निराकरण हेतु और विश्व के ध्यानाकर्षण के लिए ये दिवस मनाया जाता हैं। यह दिवस का उदेश्य है आदिवासियों को उनका हक मिल सके। आदिवासियों को अधिकार दिलाने और उनकी समस्याओं का निराकरण, भाषा संस्कृति, इतिहास के संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा 9 अगस्त 1994 में जेनेवा शहर में विश्व के आदिवासी प्रतिनिधियों का विशाल एवं विश्व का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस सम्मेलन आयोजित किया गया था। तब से आज पर्यंत मनाया जा रहा हैं।*

### संघर्षो से जूझता समाज

*आज आजादी की पचहत्तरवीं वर्षगाँठ आजादी की अमृत महोत्सव के नाम से मनाया जा रहा। पर क्या उन शोषित, वंचित,, दलित और आदिवासी समाज को सही आजादी का उपहार दे पाये। इसका आकलन व चिंतन करने की आवश्यकता है। भले ही आदिवासी दिवस को पूरे विश्व में मनाया जा रहा हो। आज शनैः शनैः देश काल परिस्थितियों के अनुसार कुछेक उनके व्यक्तिगत जीवन रहन-सहन में सुधार हो रहा है। यदि मूलभूत जीवन की गहराईओं तक जाए तो काफी संघर्षपूर्ण इनका जीवन रहा हैं अथवा आज भी हैं। लेकिन इसके बावजूद मुझे नहीं लगता कि दुनियाभर में आदिवासियों की हालत में शायद ही कोई उल्लेखनीय सुधार हुई हो। बिडम्बना यह हैं की तेजी से आर्थिक विकास के बावजूद, आदिवासी समाज विभिन्न पहलुओं से मुख्यधारा से आज भी बाहर है।शिक्षा से लेकर समाज के सर्वोत्तम स्तर तक। जीवन सदैव संघर्षों से, सामाजिक विद्रूपताओं से लड़ते शीर्ष नेतृत्व तक रहा हो परन्तु कही न कही हेय की दृष्टि से भी देखना आगे नहीं बढ़ने का कारण रहा हैं। आज भले ही आरक्षण का मापदंड से भी आँकते हैं परन्तु उनके जमीनी स्तर से एक शीर्षस्थ पदों तक आने में कही न कहीं संघर्षों से भरा होता हैं। अभी वर्तमान में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आदिवासी समाज से राष्ट्रपति का होना उन करोड़ों संघर्षरत आदिवासी समुदाय के लिए मिशाल है।जो ये सोचते थे कि वहाँ तक पहुँचना असंभव है। बहरहाल महामहिम राष्ट्रपति का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत संघर्ष भरा रहा, और आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है।*

# अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे के अंदर बेमेतरा पुलिस ने सुलझाई, पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

दौवा सोनकर पिता गिरधारी सोनकर उम्र 22 साल साकिन अतरझोला थाना साजा जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुरही नदी किनारे ग्राम अतरझोला में इन लोगों का 10 एकड कृषि भूमि है जहां रोज कि तरह इसका पिता गिरधारी सोनकर 5 अगस्त 2022 को सुबह 8 बजे खेत काम पर गया था जिसके लिए वह सुबह खाना पहुंचाने खेत गया और अपने पिता को बताकर खाना को खेत के मेड़ के नीम झाड़ में खाना को टांग दिया तब इसके पिता इसे बोला की घर में सबका तबियत खराब है इलाज के लिए लकड़ी बेचा हूं।

जिसका पैसा लाने बढ़ाई के पास ग्राम बरगड़ा जाउंगा बोला तब वह उसे 100 रूपये दिया था उस दिन इसके पिता रात्रि में घर नहीं आया तब दूसरे दिन 6 अगस्त 2022 को सुबह अपने पिता के लिए खाना छोड़ने खेत गया था उस समय इसके पिता खेत में नहीं था कही इधर उधर गया होगा बोलकर टीफिन में रखा हुआ खाना नीम पेड़ में लटकाकर वापस घर आ गया। शाम को जब इसके पिता घर नहीं आया तब अपने गांव के लोगों के साथ अपने खेत के आसपास अपने पिता का पता तलाश किये कोई पता नही चलाए 7 अगस्त 2022 को वह अपने गांव वालो के साथ पता तलास करने खेत तरुफ गया तो इसके पिता गिरधारी सोनकर का शव इसके खेत से लगा हुआ सुरही नदी के किनारे पानी में चित अवस्था में ऊफला था शव को इसके साथ गये गांव के लोगों के साथ पानी से बाहर निकालकर देखा तो पिता के सिर में चोट लगा था एवं कमर में बिजली सर्विस वायर से पत्थर बंधा था कि 5 अगस्त 2022 से 7 अगस्त 2022 के मध्य अज्ञात आरोपी द्वारा इसके पिता गिरधारी सोनकर उम्र 50 साल के सिर में किसी अज्ञात वस्तु से ठोकर मारकर हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नियत से मृतक गिरधारी सोनकर उम्र 50 साल के कमर में बिजली सर्विस वायर से पत्थर बांधकर ग्राम अतरझोला के सुरही नदी में डुबा देने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 225/2022 धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल एवं थाना प्रभारी साजा एवं स्टाफ द्वारा तत्काल मौके का मुआयना किया गया। मुआयना करने पर मृतक की हत्या करना अनेकानेक संदेहों को जन्म दे रहा था। तथा यह भी प्रतीत हुआ कि घटना किसी जानकार व्यक्ति द्वारा ही किया गया है। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बी एन मीणा के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल को निर्देशित कर एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें थाना प्रभारी साजा व थाना साजा स्टाफ एवं सउनि अरविंद शर्मा की टीम को अज्ञात हत्यारे की पतासाजी हेतु लगाया गया। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान एवं परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर मृतक के परिजन एवं आसपास के लोगों से पुछताछ की गई। मौके पर लगातार पुलिस टीम की मौजूदगी एवं ग्राम अतरझोला में मृतक के बारे में पूछताछ करने पर अन्य कई ऐसी बाते उजागर हुई जो संदेह को जन्म देती थी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के नेतृत्व में जो टीम गठित हुई थी उनका मौके पर लगातार बने रहने एवं वैज्ञानिक तथा पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार हत्या के संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी हेतु उसके रिश्तेदार परिवार आदि के यहां लगातार पुलिस के पुछताछ करने से पुलिस का दबाव बना। पुलिस के लगातार प्रयास से प्रकरण में विवेचना के दौरान परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर संदेही दौवाराम सोनकर को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पहले तो वह पुलिस को गुमराह करते रहा फिर कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि इसके पिता गिरधारी सोनकर ने इसे और इसके मां को घर खर्च के लिए रूपये पैसा नहीं देता था वह रूपये पैसे के लिए तरसता था एवं लड़ाई झगड़ा करता था जिसे प्रार्थी पुत्र दौवाराम सोनकर ने अपने पिता गिरधारी सोनकर की हत्या करने की मंशा बनाकर घटना दिनांक को शाम 6 बजे अपने खेत में बने कुंदरा झोपडी के अंदर में अपने पिता के सिर में कुदारी से मारकर चोट पहुंचाकर हत्या कर कमर में बिजली सर्विस वायर से पीठ तरफ बोल्डर पत्थर बांधकर अपने खेत पास सुरही नदी में फेक देना बताया तथा आरोपी दौवाराम सोनकर के निशानदेही पर कुदारी, पत्थर, बिजली सर्विस वायर एवं अन्य आलाजरब जप्त किया गया। आरोपी दौवाराम सोनकर पिता गिरधारी सोनकर उम्र 22 साल साकिन अतरझोला थाना साजा जिला बेमेतरा को आज विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साजा एवं थाना स्टाफ सउनि सीएल बंजारे, सउनि भानु प्रताप पटेल, सउनि कृष्णा सिंह क्षत्री, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, सुखेलाल बंजारे, डामेश्वर सिंह, येमन बघेल, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, जय किशन साहू, रामानुज जायसवाल गोलु पटेल, रोशन वर्मा, रमन चंद्राकर, महिला आरक्षक सरला भारती एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



# सिरपुर में दिव्य गंगा आरती के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

## संसदीय सचिव की पहल पर पहली बार हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



सिरपुर के गंधेश्वरनाथ मंदिर के तट पर आयोजित दिव्य गंगा आरती में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर पहली बार इसका आयोजन हुआ है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। आरती में उदघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर की पहल पर ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में रविवार की शाम दिव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने श्रद्धालु परिवार के साथ सिरपुर पहुंचे थे। पुरोहित पंडित पंकज तिवारी व विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान संसदीय सचिव चंद्राकर ने दिव्य आरती की। गंगा आरती को लेकर गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिरपुर, श्री अतिरुद्रात्मक महायज्ञ समिति सिरपुर व बोलबम सेवा समिति द्वारा दीपक की व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति के दाउलाल चंद्राकर, बाबूलाल साहूए थनवार यादव, नुकेश चंद्राकर मंगलू ढीमर, सुखीराम हिरवानी, बाबूलाल ध्रुव, मोहन वर्मा, शशि शर्मा, जयंत गोयल, आरएस माली, शिवशंकर अग्रवाल के साथ ही राजेश नायक, भाउराम साहू, बद्री लड्ढा, मूलचंद लड्ढा, बसंत पदमवार, यादराम चंद्राकर, जागेश्वर चंद्राकर आदि व्यवस्था में सुबह से जुटे रहे। गंगा आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में कांशी व बनारस जैसा नजारा दिखा।

### गंगा आरती में चार पीढ़ी हुए शामिल

*ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में गंगा आरती के बाद हुई बारिश ने श्रद्धालुओं को गदगद कर दिया। वहीं सिरपुर में पहली बार आयोजित गंगा आरती में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के चार पीढ़ी भी शामिल हुए। संसदीय सचिव चंद्राकर के साथ ही उनके दादा-दादी, माता-पिता व उनके पुत्र-पुत्री शामिल हुए। इसके अलावा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भी इस कार्यक्रम के साक्षी बने। घंटों तक चली गंगा आरती के भक्तिमय माहौल में लोग खो गए थे। सिरपुर के महानदी तट पर माहौल देखते ही बन रहा था। सावन के अंतिम सोमवार को किया जलाभिषेक संसदीय सचिव चंद्राकर ने सावन महीने के अंतिम सोमवार को कनेकेरा के मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया। यहां लगातार सावन महीने के सोमवार को संसदीय सचिव चंद्राकर पहुंचकर जलाभिषेक कर विशेष पूजा में शामिल हुए। आज सोमवार को संसदीय सचिव चंद्राकर कनेकेरा पहुंचे और जलाभिषेक किया।*

## एक नजर

### पेंड्री में महापौर द्वारा ज्योतिकक्ष भूमिपूजन एवं वृक्षारोपण किया

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।



वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री में 7 अगस्त 2022 को महापौर हेमा देशमुख द्वारा मां शीतला मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर अतिरिक्त ज्योतिकक्ष का भूमिपूजन एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चेयरमेन संतोष पिल्ले, गणेश पवार, पार्षद अमीन हुड्डा, पार्षद सकीला बेगम वार्ड 20, पिंकी साहू वार्ड 21 उपस्थित थे। वार्डवासियों द्वारा मुख्य अतिथि महापौर सहित विशेष अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं हार फूल एवं गुलाल के साथ स्वागत किया। वार्डवासियों द्वारा महापौर हेमा देशमुख को वार्ड की मुलभूत समस्याओं गौठान से पशु औषधालय तक सीसीसी करण, तालाबों की सौंदर्यीकरण, गौठान, मुक्तिधाम, बाऊंड्रीकरण, मंगलभवन निर्माण करने ज्ञापन सौंपा गया। महापौर ने कहा कि वार्ड विकास के लिए वार्डवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। आगे भी वार्ड का विकास होते रहेगा। कार्यक्रम में राम्हू साहू, रेवाराम साहू, बेलस ठाकुर, मेघदास वैष्णव, इशाक खान, राजेश झा, रामेन्द्र देवांगन, परस लहरे, रामबेलास जोशी, सुखराम दास वैष्णव, जगेश्वर ठाकुर, गणेश सुपले, नकुल ठाकुर, श्यामलाल सिन्हा, जन्मेजय यादव, लालचंद यादव, कृष्णा साहू, तालुक कोटवार, राजकुमार साहू, रोशन मानिकपुरी, भूपेन्द्र साहूए महेन्द्र साहू, रामरतन यादव, संतोष साहू, घसिया सिन्हा, दुलारी बाई साहू, जुग्गा बाई साहू, कौशल यादव, बेन बाई ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, हीरो बाई साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी, शीतला समिति, वार्ड विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी पार्षद प्रतिनिधि इशाख खान ने दिया।

### सरपंच पर तीन ने किया हमला

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

होटल के पास खडे कनेकेरा सरपंच पर तीन लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम कनेकेरा निवासी सरपंच नीलकंठ साहू ने बताया कि वे 7 अगस्त दोपहर करीब पौने 3 बजे कनेकेरा से महादेव घाट के पास बाइक से जा रहा था, जमुना होटल के पास पहुंचा था तभी वहां पहले से खडे तीन युवकों में से एक ने कुछ दिन पूर्व गाली देने की बात कहते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और चाकू से वार कर तीनों ने मारपीट की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत साक्षात्कार 17 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 के तहत प्राप्त आवेदनों के हितग्राहियों का चयन के लिए 17 अगस्त को साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कचहरी चौक महासमुंद में दोपहर 12 बजे हितग्राही समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते है।

### जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के मंडल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए तिथियां निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला यूनियन की पंजीकृत उपविधि के अनुसार मंडल के लिए निर्वाचित किए जाने वाले 10 सदस्यों इनमें सामान्य वर्ग से 5, अनुसूचित जाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से एक-एक तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 3 मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि जिसके लिए नामांकन पत्र 17 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ महासमुंद में प्रस्तुत कर सकते है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा जांच एवं वैद्य नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे से होगा। 19 अगस्त 2022 को नामांकन पत्रों की वापसी तथा चुनाव के अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव एवं मतगणना शनिवार 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक वन रक्षक प्रशिक्षण शाला महासमुंद में होगा। रिक्त स्थानों का सहयोजन यदि हो तो 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। 29 अगस्त को अध्यक्षए उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी होगा तथा 2 सितम्बर 2022 को निर्वाचन कार्यालय प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज संघ महासमुंद में होगा।

# चौथी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को बायजू की तरफ से पाठ्यक्रम के लिए वीडियो नि:शुल्क

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के निर्देशन में आकांक्षी जिला महासमुंद के नीति आयोग एवं बायजू की जिला नोडल अधिकारी कु. आस्था झारिया द्वारा विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयकों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई।**



बैठक में बताया गया कि एजुकेशन फॉर ऑल प्रोग्राम के अन्तर्गत कक्षा चौथी से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को बायजू की तरफ से उच्च गुणवत्ता के पाठ्यक्रम के लिए वीडियो जिसकी वार्षिक कीमत 80,000 तक की है। इस वीडियो को छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में कु. आस्था झारिया ने बताया कि समस्त शासकीय, अशासकीय प्राथमिक स्तर के कक्षा चौथी से कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उनके पालकों के पास स्मार्ट फोन होना आवश्यक है, जिसमें बायजू एप्प को डाउनलोड कर पंजीयन करना होगा। वे अपने फोन से बायजू एप्प के माध्यम से विषय में विशेषज्ञ प्रशिक्षित शिक्षकों से प्रश्न भी पूछ सकते हैं। उनके प्रश्नों का समाधान विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इस एप्प से बच्चों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से सीखने की क्षमता को बढ़ावा और पढ़ाई में सहयोग भी मिलेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के पास ऑडियो विजुअल लर्निंग के वीडियों ऑफ लाईन भी उपलब्ध होंगे, जिससे भविष्य में बच्चों की पढ़ाई जिस तरह कोविड काल में प्रभावित हुई थी। उस तरह की परिस्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। इसके रजिस्ट्रेशन के लिए सभी बच्चों को एक गूगल फार्म भरना होगा।

# सीएम को राखी भेजकर बहनों ने उपहार में सफाई कर्मचारियों ने मांगा पूर्णकालीन कलेक्टर दर वेतन

## 15 अगस्त को स्कूल सफाई कर्मचारियों को उपहार में पूर्णकालीन का दर्जा मिलने की आस

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी राज्य में 11 वर्षों से काम कर रहे स्कूल सफाई कर्मचारियों को प्रति माह 2 हजार वेतन जिया जाता है। वह भी 4-5 माह में एक बार इस बार महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को राखी भेजकर उपहार में स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर हर माह समय पर वेतन देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल सफाई कर्मचारियों ने 11 वर्षों से काम कर रहे हैं। यह प्रतिमाह 2 हजार भुगतान किया जाता है। इस वेतन का भुगतान भी 4 से 5 माह में वेतन दिया जाता है। इसमें भी जरूरी नहीं कि पूरे माह के बचे हुए वेतन का भुगतान किया जाए छत्तीसगढ़ के बाहर से पिछले वर्ष मई जून और जुलाई में मजदूरों के लिए स्कूलों को क्वाटडाईन सेंटर बनाया गया है। ऐसे स्कूलों में मजदूरों को देखभाल आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई है। इसका भी अब तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

इसे लेकर छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों के द्वारा शिक्षा मंत्री श्रम मंत्री स्वास्थ्य मंत्री और विधायक शैलेश पांडे के साथ वित्त विभाग मंत्रालय को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके बाद भी अब तक वेतन नहीं दिया गया है इसे देखते हुए प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छाया साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी भारती बाला दुबे, धनेश्वरी देवांगन, तारानी कश्यप, ललिता,सहित अन्य महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम राखी भेजकर उपहार में पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान का उपहार मांगा है। जिसमें प्रांत अध्यक्ष संतोष खाण्डेकर, मीडिया प्रभारी शेखर बैशवाड़े व प्रदीप वर्मा ने 15 अगस्त तक मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# सुकमा जिले में 2 दिनों से हो रहे लगातार बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा जिले में फिर से एक बार बाढ़ के हालात बने हुए हैं। जिला मुख्यालय सुकमा से ओड़िसा के पड़ोसी जिला मलकानगिरी से संपर्क टूट गया है। सुकमा के झापरा पुल के ऊपर पानी आ जाने से ओड़िसा मार्ग बाधित है। वहीं सुकमा जिला के छिंदगढ़ विकास खंड के पुसपाल इलाके के कुछ गाँव बाढ़ की चपेट में आये हैं। कुछ स्थानों में बाढ़ के पानी की वजह से छिंदगढ़ ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूटा हुआ है। कोंटा विकास खंड में शबरी के उफान व क्षेत्रीय नाले उफान पर होने के चलते दोरनापाल से तीन किलोमीटर आगे सुकमा जाने की दिशा में दुब्बाटोटा के पास पुल पर पानी आने से मार्ग बाधित है। कलेक्टर हरीश एस कर रहे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा झापरा पुल जा कर लिया स्थिति का जायजा साथ ही आने जाने वाले यात्रियों को नगर सेनानी द्वारा नाव के माध्यम से लोगों को सुरक्षित पार करवाया जा रहा है।

# कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नियमित टीकाकरण के लिए जिला स्तरीय प्रथम टास्क फोर्स समिति की बैठक ली।**



उन्होंने जिले में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक सुदृढ़ीकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत होना चाहिए। ताकि उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सके। इसके लिए शहरी क्षेत्रों के वार्डों के हितग्राहियों के घरों में जा जाकर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए नगरीय निकाय, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा समन्वय स्थापित कर टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें। संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी आग्रह करें कि वे भी टीकाकरण के महत्व के बारे में बताएं।कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के दौरान जिले के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लोगों के टीकाकरण कराने के लिए काफी सराहनीय पहल की गई थी। जिसके कारण महासमुंद जिला प्रदेश में शत प्रतिशत टीकाकरण कराने में प्रथम स्थान पर था। इसी तरह छोटे बच्चों का भी शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि जिले के कम टीकाकरण कव्हरेज वाले क्षेत्रों को पहले चिन्हांकित करें एवं उन क्षेत्रों में पहले विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन करें।। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ सामुदायिक स्तर पर और मुनादी के साथ किया जाए। अभियान के दौरान टीकाकरण सहित अन्य बाल एवं मातृ स्वास्थ्य संबंधी अन्य सेवाएं भी मुहैया कराएं। इसके लिए मितानिन द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र लाभार्थियों की सूची भी तैयार करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर डॉ. नेहा कपूर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक हिमांशु भारतीय, पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक डॉ. डीडी झारिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविन्द गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित कुमार वर्मा, एमएनसीएच, सलाहकार डॉ. मुकुन्द राव घोड़ेसवार सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# धन्वन्तरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, 13 हजार से अधिक लोगों ने खरीदी रियायती दर पर असरकारक दवाईयां

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




**2.21 करोड़ रुपये एमआरपी की दवाईयां 1.25 करोड़ रुपए की बचत पर हितग्राहियों को मिली आधी से भी कम कीमत पर**

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना धन्वन्तरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर आम लोगों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। कोरिया जिले में भी योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा हैए जिसके तहत कुल 07 स्टोर में रियायती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयों से जनसामान्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में होने वाले अतिरिक्त खर्चों में कमी आयी है। जिले में संचालित धन्वन्तरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर में कुल 13,421 लोगों ने 2.21 करोड़ रुपये एमआरपी की दवाईयां 1.25 करोड़ रुपए की बचत कर आधी से भी कम कीमत पर लगभग 58 लाख 45 हजार रुपए में खरीदीं। मेडिकल स्टोर में विभिन्न बीमारियों से सम्बंधित 251 प्रकार की दवाइयां तथा 27 प्रकार के सर्जिकल आईटम सर्वाधिक 58.48 प्रतिशत डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त धन्वन्तरि मेडीकल स्टोर में विक्रय हेतु राज्य में निर्मित हर्बल उत्पाद भी रखे गए हैं।

**लोगों ने बताया दवाईयों पर मिल रही छूट से हो रही काफी बचत**

*चिरमिरी पालिका निगम चिरमिरी स्थित स्टोर में दवाइयां खरीदने आए सपन कमार साहा बताते हैं कि मैं यहां माता-पिता के लिए दवाएं लेने आता हूं पहले मुझे 9 से 10 हजार दवाईयों पर खर्च करने पड़ते थे यहां मुझे उसी फॉर्मूले की असरकारक दवाएं मात्र 4.5 हजार में मिल रहीं हैं। वहीं गोदरीपारा की कलावती ने बताया कि मुझे प्रति सप्ताह बीपी, शुगर व थाइराईड की 500 रुपए तक की दवा लगती थी। परन्तु मुझे यहां दवाएं 250 रुपए में मिली है। जिससे काफी बचत हो रही है।*

# पर्यावरण मित्र सम्मान से नवाजे गए किशोर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ के सभागार में नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत को पर्यावरण मित्र सम्मान 2022 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष रोपण करके वन संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को दिया जाता है।

नीम रत्न राष्ट्रीय पुस्कर विजेता और ग्लोबल नीम आर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर वी के सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से खेती में नीम आधारित जैविक खेती के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में किशोर कुमार राजपूत ने सराहनीय कार्य किया था। उनके इन्हीं कार्यों को ध्यान में रखते हुए ग्लोबल नीम आर्गनाइजेशन ने युवा किसान को पर्यावरण मित्र सम्मान 2022 से सम्मानित किया। इस अवार्ड का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के कार्यों में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगों को सम्मानित करना ताकि कार्य करने हेतु प्रोत्साहन मिल सकें। गांव के इस युवा किसान ने देशी बीज को बचा कर नीम आधारित जैविक खाद का निर्माण कर अपने खेतों में मित्र कीटो की संख्या को बढ़ाया साथ ही साथ दूसरे किसानों को प्रेरित किया।

पर्यावरण मित्र सम्मान प्राप्त किशोर कुमार राजपूत का कहना है कि यह मेरे लिए अत्यधिक हर्ष का विषय है। नीम का खेती में महत्व हमें कीट पतंग प्रबंधन में और शुद्ध अनाज के साथ-साथ कई औषधीय गुणों से युक्त भोजन प्रदान करता है। आज राज्य सरकार भी जैविक खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में पंजाब जैसे राज्य में रासायनिक खादों से सेहत पर पढ़ने वाले असर को सब जानते हैं। जिसकी पुनरावित्तीय न हो ये प्रयास करना जरूरी है।

इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डाक्टर महेंद्र सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री जल शक्ति एवम नमामी गंगे उत्तर प्रदेश सरकार, भदंत शक्ति मिश्रा राज्य मंत्री अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान यूपी, पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद अध्यक्ष एस आर इंस्टी ट्यूशन लखनऊ, डॉक्टर अफरोज अहमद प्रधान न्यायधीश राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली, एस के दौरा मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड लखनऊ, कर्नल ज्ञानेद्र प्रताप सिंह कौशिक, राम महेश मिश्रा, भाग्योदय फ़ाउंडेशन, एचबी सिंह यूपी राज्य पर्यावरण आंकलन समिति, आर ए एस खंगार नीम मैन पूर्व सहायक महा प्रबंधक नाबार्ड लखनऊ डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह संस्थापक अध्यक्ष नीम पीपल तुलसी अभियान थे। किशोर कुमार राजपूत ने पर्यावरण मित्र सम्मान 2022 प्राप्त होने पर ग्लोबल नीम आर्गनाइजेशन चयन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मनेंद्रगढ़ विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष के बीच हुई जम कर मारपीट दोनों हुये लहूलुहान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

आपको बता दें की कोरिया जिले में अब राजनीति इस कदर हो रही कि आरोप-प्रत्यारोप के साथ अब खूनी खेल शुरू हो गया है जनप्रतिनिधि एक दूसरे को जान से मारने तक सामने आ चुके हैं।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मनेंद्रगढ़ विधायक प्रतिनिधि शिवांश जैन एवं भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन गुप्ता के बीच जमकर हाथापाई हुई। जिसके बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में जाकर जम कर हंगामा किया गया। वही कांग्रेस पार्टी के समर्थक भी काफी संख्या में थाना पहुंचे हुए। अब यह मारपीट का मामला कहीं ना कहीं एक राजनीतिक मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार चन्दन गुप्ता द्वारा शिवांश जैन के दुकान के बाहर खड़ी ट्रक का वीडियो बनाने को लेकर विवाद शुरू हुआ देखते ही देखते चंदन गुप्ता एवं शिवांश जैन के बिच झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक दूसरे के साथ गली गलौज के बाद मारपीट करने लगे वही मारपीट के दौरान चंदन गुप्ता के सर पर गंभीर चोटें आई वहीं शिवांश जैन के सिर में भी चोट आई है दोनों पक्षों द्वारा चिरमिरी थाने में रिपोर्ट करने के बाद दोनों को बड़ी बाजार हॉस्पिटल एमएलसी एवं प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। स्थानीय डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार देकर दोनों की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बैकुंठपुर रेफर किया गया। उसके बाद बैकुंठपुर से चंदन की हालत गंभीर देखते हुए अभी रायपुर में इलाज के लिए भेजा गया वहां इलाज चंदन गुप्ता की जा रही है। वही चिरमिरी थाना प्रभारी का कहना है कि मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है दोनों के एमएलसी रिपोर्ट आने के बाद जांच में जो भी आएगा दोषी पर कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### स्व सहायता समूह की महिलाएं दुगुने उत्साह के साथ तैयार कर रही झण्डे

जिले में पांच समूह की महिलाओं ने बनाए 6 हजार तिरंगे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



जिले में स्वसहायता समूहों की महिलाएं बेहद उत्साह के साथ तिरंगा झंडा तैयार कर रही हैं। वे खुशी जाहिर करते हुए कहती हैं कि शासन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान से जोड़ा है और अब वे दुगुने जोश से स्वतंत्रता दिवस और स्वतंत्रता सप्ताह के लिए समर्पित भाव से तैयारी कर रही हैं। 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन होगा। जिले में हमर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा और विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में स्व सहायता समूह की महिलाएं तिरंगे झण्डे निर्माण का कार्य कर रहीं हैं। विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के पटना की आदर्श हिन्द महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि हमें बिहान द्वारा तिरंगा झण्डा निर्माण कार्य के बारे में बताया गया तो हम बहुत खुश हुए की हमारे बनाए झण्डे घर-घर फहराए जाएंगे।

गौठानों में जारी गोमूत्र खरीदी

# समूह की महिलाओं ने गोमूत्र से बनाया जीवमृत तथा ब्रम्हास्त्र कीटनाशक सी-मार्ट में होंगे उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना आमजनों के सपने साकार करने वाली योजना बन गयी है। योजनांतर्गत पशुपालकों को गोबर विक्रय से एक ओर अतिरिक्त आमदनी मिली। वहीं दूसरी ओर गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण एवं विक्रय ने महिलाओं को स्वरोजगार का नया जरिया दिया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पशुपालकों को एक और सौगात दी गईए हरेली त्यौहार से गौठानों में गोमूत्र की भी खरीदी की शुरुआत से लोगों को आजीविका का नवीन माध्यम मिल गया।

जिले में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में दो गौठानों में गोमूत्र खरीदी की जा रही है। जिनमें विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के जूनापारा एवं विकासखण्ड सोनहत के पोड़ी गौठान में गोमूत्र खरीदकर महिलाओं द्वारा जीवामृत तथा ब्रम्हास्त्र का निर्माण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 4 रुपए प्रतिलीटर की दर से कुल 279 लीटर गोमूत्र की खरीदी की गई है। गोमूत्र से निर्मित उत्पादों को जिला मुख्यालय में स्थित सीमार्ट में विक्रय हेतु रखा जाएगा।

### इस तरह बनाए जा रहे उत्पाद

रासायनिक खाद तथा कीटनाशक के अत्यधिक प्रयोग से मृदा तथा भूमि को नुकसान पहुंचता है वहीं मानव स्वास्थ्य में भी इसके घातक परिणाम देखने मिलते हैं। जूनापारा गौठान कि भक्ति महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष पार्वती ने बताया कि जीवामृत एक पारम्परिक जैव कीटनाशक है। गोमूत्र में बेसन, गुड़, गोबर, मिट्टी, पानी निश्चित अनुपात में अच्छी तरह मिलाकर ढंककर रखा जाता है। समय.समय पर इसे लकड़ी की सहायता से मिलाया जाता है। लगभग 2 से 3 दिनों में किण्वन प्रक्रिया से जीवामृत तैयार हो जाता है। जीवामृत में भरपूर मात्रा में जैविक पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो पौधों एवं मृदा के लिए उपयोगी है। इसी प्रकार गौमूत्र में पानी तथा विभिन्न प्रकार की पत्तियों को पीसकर मिलाया जाता है। फि र अच्छी तरह उबालकर 24 घण्टे ठंडा करने के बाद छानकर ब्रम्हास्त्र बनाया जाता है। यह जैविक कीटनाशक रासायनिक कीटनाशकों की अपेक्षा पौधों की कीटों से रक्षा के लिए अच्छा विकल्प है।

# आकर्षक झांकी के साथ 108 फीट लंबी कांवर यात्रा निकली



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा विकासखण्ड के सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों द्वारा सावन के अंतिम सोमवार दिनांक 8 अगस्त को 108 फीट लंबी कांवर यात्रा निकाली गई।

सुबह नगर में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों द्वारा जीवंत झांकी के साथ कांवड़ यात्रा का आयोजन किया।


108 फीट लंबी कांवड़ को कुल 51 भैया बहनों ने उठाया था। इस कांवड़ में जल चढ़ाने वाले भैया बहनों एवम आचार्य दीदियों ने गंगा जल को लोटे में रख कर बंधा था। यह यात्रा सशिम विद्यालय से श्रद्धाभाव से निकल कर थानेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पूजन कर शिवलिंग में जल अर्पण किया गया। इस दौरान विद्यालत के बच्चों द्वारा आकर्षक जीवंत झांकी निकाली जिनमे शिव जी की बारात निकाली और भूत प्रेत बने नन्हे भैया बहन बारात में शिव भजन की धुन में नाचते दिखाई दिए। इस झांकी का नगरवासियों ने जमकर आनन्द उठाया। सुबह 9 बजे विद्यालय से कांवर यात्रा निकली जो गार्डन चौक,बागबाहरा मार्ग,बस स्टैंड, जिला सहकारी बैंक मार्ग से सीधा थानेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद जलाभिषेक किया गया। इसके पूर्व विद्यालय में कांवर उठाने के पूर्व पूरे श्रद्धा से कांवड़ की पूजा कर थानेश्वर महादेव में जल अर्पण का संकल्प लिया गया। इस यात्रा में पुलिस प्रशासन का भी शोभायात्रा के लिए विशेष सहयोग रहा इस भव्य शोभायात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक विद्यालय समिति के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक काफ ी संख्या में उपस्थित थे। कांवर यात्रा प्रभारी वरिष्ठ आचार्य टेकलाल जगत ने कांवड़ यात्रा में मीले सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन, समिति सदस्यों सहित सभी पालकों का आभार व्यक्त किया है।

# सुकमा जिले के किस्टाराम सिंदूरगुड़ा इलाके में दो वाहनों को नक्सलियों ने किया आग के हवाले



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा जिले के किस्टाराम के सिंदूरगुड़ा इलाके में दो वाहनों को लगाया आग नक्सलियों ने एक ट्रक व जेसीपी को आग के हवाले कर दिया है। ट्रक में आग लगाने के बाद नक्सली फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल के जवान मौके पर के लिए रवाना हो चुके हैं। ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा वाहनों को ले जाने की लापरवाही दिखी। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि तेलांगना राज्य और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित गोदावरी नदी में बीते दिनों भारी बारिश की वजह से बाढ़ आ गई थी। बाढ़ आने की वजह से किस्टाराम थाना क्षेत्र में स्थित कासाराम नाले में बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने इसे ठेकेदार की लापरवाही बताते हुए कहा कि सम्बंधित ठेकेदार ने सुरक्षाबल को बिना सूचना दिए बगैर ही क्षतिग्रस्त पुलिया के रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया था। और आज जैसे ही ठेकेदार का ट्रक पुलिया के पास पहुंचा इसकी भनक नक्सलियों को लग गई। इसके बाद नक्सलियों पुलिया के पास खड़े ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फ रार हो गए। एसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल के जवानों को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है।



# रक्षाबंधन पर्व, भाइयों की कलाइयों में सजेगी तिरंगा राखी

**कोरबा** । चांवल देगा तिरंगे का सफेद रंग, मूंग से हरा और गाजर से केसरिया रंग का उपयोग कर धंवईपुर की जननी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने आकर्षक राखी तैयार की है। हर बार नए अंदाज में रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई सजाने के लिए राखी बनाने वाली इस समूह ने इस बार अमृत महोत्सव के माहौल को देखते हुए इस बार ज्यादातर राखियां तिरंगे थीम पर तैयार की है। घर-घर तिरंगे के संदेश को मूर्त रूप देने के लिए अनाज के अलावा नारियल बूच, पैरा आदि की सजावट के साथ मौली और रेशम धागा से भी तिरंगा राखियां बनाई जा रही हैं।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच



**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्ष ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

तालापारा में रहने वाले आसिफ खान ने अपनी शिकायत में बताया कि रविवार की शाम चार बजे वे अपने साथियों के साथ होटल आरजू में बैठकर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान वहां पर तैयबा चौक में रहने वाला रानू उर्फ साबिर आया। उसने पुरानी रंजिश को लेकर आसिफ से गाली-गलौज की।

इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर पिटाई की। मारपीट से आसिफ के चेहरे में चोटें आई हैं। वहीं, साबिर ने अपनी शिकायत में बताया कि वे होटल में चाय पीने के लिए गए थे। इस दौरान वहां बैठे युवकों को देर रात तक घूमने से मना किया। इसी बात को लेकर आसिफ और उसके साथियों ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पिटाई की। दोनों पक्ष ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एएसपी ने कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

तालापारा में मारपीट की सूचना पर एएसपी राजेंद्र कुमार जायसवाल ने आरोपित युवकों को पकड़ कर थाने लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आरोपित युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपित युवक शहर के दो अलग-अलग गुट से जुड़े हुए हैं। इसके कारण दोनों पक्ष के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनती है।

# लगातार हो रहे बारिश का कलेक्टर ने किया निरीक्षण दिये निर्देश

**दंतेवाड़ा** । जिले में मौसम विभाग के अति भारी बारिश के अलर्ट के बाद से ही पिछले तीन दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार ने प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर किया। नंदनवार ने अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर डुबान वाले इलाकों के रहवासी हेतु आवश्यक राहत सहयोग की तैयारी करने निर्देश दिए है। इसके साथ ही अवरुद्ध क्षेत्रों में मैदानी स्तर के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। साथ ही बाढ़ आपदा दल को भी तैयार रखने कहा गया है।

कलेक्टर ने भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए अवरुद्ध मार्गों में ग्रामीणों को सड़क पार करने जोखिम उठाने के लिए मना किया गया है।

# किसानों की मांग पर खूंटाघाट से पानी छोड़ा गया.. अध्यक्ष और सभापति गौरहा ने कहा..पानी की कमी नहीं

बिलासपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष और सभापति ने रतनपुर पहुंचकर खूंटा घाट जलाशय का दरवाजा खोला। कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के अधिकारी समेत कांग्रेस नेता विशेष रूप सें शामिल हुए। जलाशय का दरवाजा खोलने के साथ ही किसानो ने अपनी खुशियों को जाहिर किया।



अरूण चौहान और अंकित गौरहा ने बताया कि पानी की कमी के चलते बियासी और रोपाई को लेकर किसान परेशान था। बहरहाल पानी की किल्लत अब दूर हो गयी है।

जानकारी देते चलें कि चार पांच दिन पहले जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने किसानों के साथ जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग से सम्पर्क किया। गौरहा ने बताया कि खेत पूरी तरह से तैयार है। लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण रोपाई और बियासी का काम पिछड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह पानी की कमी है। इसके पहले किसानों का मनोबल टूटे। खूंटाघाट बांध का दरवाजा खोलना बहुत जरूरी है।

जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने बेलतरा और मस्तूरी के किसानों की परेशानी को सर्वेक्षण के दौरान सही पाया। अंकित गौरहा की मांग को गंभीरता से लेते हुए आज जिला पंचायत और अन्य कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में खूटा घाट की गेट खोला गया।

इसके पहले जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान और जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने विधि विधान से पूजा पाठ किया। अरूण और अंकित गौरहा ने बताया कि आज तीन अलग अलग जगह पहुंचकर डैम को खोला गया है।

डैम का दरवाजा खोले जाने के बाद किसानों तक पानी पहुंचने लगा है। समय पर पानी मिलने से किसानों में खुशी है। अरूण और अंकित ने कहा कि किसी भी सूरत में किसानों की खेती प्रभावित नहीं होगी। सरकार किसानों के साथ है।

अंकित ने बताया कि खण्ड बारिश के कारण सभी जगह पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसान परेशान थे। खूंटा घाट जलाशय का दरवाजा खुलने के बाद काफी हद तक किसानों की परेशानी दूर हो गयी है। यद्यपि खूंटाघाट बांध का भराव अभी भी करीब 15 प्रतिशत कम हुआ है।

# आमिर खान ने बताया लाल सिंह चड्ढा का रामायण के साथ क्या है कनेक्शन



सीजन 14 की शुरुआत हो चुकी है और पहले ही एपिसोड में आमिर खान बतौर मेहमान इस शो में शामिल हुए। फिल्म Thugs of Hindostan में आमिर खान और अमिताभ बच्चन एक साथ काम करते नजर आए थे। अब फिर एक बार दोनों की जोड़ी एक साथ KBC14 के सेट पर नजर आई। आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'Laal Singh Chaddha' का प्रमोशन करने शो पर आए थे और यहां पर उन्होंने अपनी फिल्म को लेकर तमाम दिलचस्प बातें बताईं।

आमिर खान ने अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की तुलना रामायण से करते हुए बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग केरल में जटायूपुत्र बिल्डिंग के पास हुई है। ये दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इमारतों में से एक है। ये इमारत Kollam डिस्ट्रिक में Chadayamangalam के पास स्थित है। आमिर खान ने कहा कि वह किसी ऐसी जगह पर फिल्म की शूटिंग करना चाहते थे जिसके बारे में लोग ज्यादा ना जानते हों।

आमिर खान ने बताया कि दुनिया भर के लोग उनकी फिल्म लाल सिंह चड्ढा देखकर इस खूबसूरत इमारत के बारे में जानेंगे। इसके अलावा जटायू की मूर्ति और जटायू अर्थ सेंटर दुनिया की सबसे बड़ी मूर्तियों में गिनी जाती है। रामायण के मुताबिक सीता को रावण से बचाने की कोशिश में जटायू जख्मी हो गया था और पंख काट दिए जाने के बाद वह जमीन पर गिर पड़ा।

# तापसी पन्नू चाहती हैं बॉयकॉट हो उनकी भी फिल्म, बोलीं- अक्षय कुमार और आमिर खान सब...



सोशल मीडिया पर बॉयकॉट ट्रेंड पर तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप ने मजेदार रिऐक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वे भी सोशल नेटवर्किंग साइट पर ट्रेंड होना चाहते हैं। तापसी और अनुराग चाहते हैं कि उनका भी बॉयकॉट हो। बता दें कि फिल्म लाल सिंह चड्ढा, रक्षाबंधन फिल्मों का ट्विटर पर बॉयकॉट हो रहा है। इसके साथ ही लीड ऐक्टर आमिर खान और अक्षय कुमार के नाम भी ट्रेंड हो रहे हैं। तापसी की फिल्म दोबारा 19 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसमें उन्होंने अनुराग कश्यप के साथ काम किया है।

## तापसी बोलीं, फिल्म बॉयकॉट कीजिए

सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार और आमिर खान की फिल्म का बॉयकॉट हो रहा है। अब सिद्धार्थ कानन ने तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप से पूछा कि आमिर खान और अक्षय कुमार की फिल्में बॉयकॉट की जा रही हैं। क्या उन्हें डर नहीं लगता? इस पर अनुराग कश्यप बोले, मैं चाहता हूं कि ट्विटर पर #BoycottKashyap ट्रेंड हो। इस पर तापसी भी बोलीं, प्लीज सब लोग हमारी फिल्म दोबारा को बॉयकॉट कीजिए। अगर आमिर खान और अक्षय कुार बॉयकॉट हो सकते हैं तो मैं भी इस लीग में शामिल होना चाहती हूं।

## सोशल मीडिया पर मचा हल्ला

फिल्म लाल सिंह चड्ढा और रक्षाबंधन 11 अगस्त को रिलीज हो रही हैं। रिलीज के पहले ही दोनों ऐक्टर्स और फिल्म का बॉयकॉट सोशल मीडिया पर चल रहा है। लोग आमिर खान के पुराने बयान वायरल कर रहे हैं। वहीं रक्षाबंधन को पाकिस्तानी स्टोरी की कॉपी बताकर ट्रोल किया जा रहा है। साथ ही कनिका ढिल्लन जो कि फिल्म की राइटर हैं, उनके पुराने ट्वीट्स भी वायरल हैं। वह हिजाब बैन वगैरह पर लिखती रही हैं।

# अक्षय कुमार दुनिया के 6वें सबसे अमीर एक्टर, बोले अनुराग कश्यप



**हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने खुलासा किया है कि अक्षय कुमार दुनिया के छठे सबसे अमीर एक्टर हैं। बता दें अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म दोबारा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अनुराग ने ये बात फिल्म के प्रमोशन इवेंट में ही कही।**

तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म दोबारा का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इस फिल्म के प्रमोशन में जब ये सवाल किया गया कि अब तापसी की तुलना अक्षय कुमार से की जा रही है। क्योंकि अब तापसी भी अक्षय कुमार की तरह बैक टू बैक बहुत सारी फिल्में कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में तापसी ने कहा, उनका पेमेंट चेक अक्षय कुमार के पेमेंट चेक से मेल नहीं खाता है और वो बहुत जयादा कमाते हैं। तभी इसी बात के बीच अनुराग ने खुलासा किया कि अक्षय दुनिया के छठे सबसे अमीर एक्टर हैं।

इसके अलावा हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धार्थ कन्नन ने तापसी को बताया कि उन्होंने तापसी को लेडी अक्षय कुमार कहने वाला एक ट्वीट पढ़ा, क्योंकि उन्होंने बहुत सारी फिल्में की थीं।

# सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली से शहनाज गिल को निकाला ये है सच

सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म पहले इस बात को लेकर खूब चर्चा में रही कि सलमान की इस फिल्म से उनकी जीजा आयुष शर्मा को किन्हीं कारणों से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। और अब ये फिल्म शहनाज गिल को लेकर कई दिनों से चर्चा में हैं। इस बात की खूब चर्चा हो रही है कि शहनाज गिल को सलमान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली से निकाल दिया गया है। लेकिन ताजा रिपोर्ट्स में इस खबर की सच्चाई सामने आई है।

क्या शहनाज ने सलमान को सोशल मीडिया पर unfollo2 किया

ना केवल फिल्म से निकाले जाने को लेकर बल्कि शहनाज द्वारा सलमान को सोशल मीडिया पर अनफॉलो करने की चर्चाओं ने भी सुर्खियां बंटोरी। लेकिन IndiaToday.in की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने इन सब रिपोर्ट्स का खंडन किया है। रिपोर्ट की मानें तो ये सब अफवाहें हैं। वेबसाइट को दी जानकारी के मुताबिक, सूत्र ने बताया कि शहनाज गिल ने इस साल की शुरुआत में ही कभी ईद कभी दिवाली की शूटिंग शुरू दी थी। इसके अलावा फिल्म में शहनाज राघव जुयाल के अपॉजिट नजर आएंगी। इस फिल्म से शहनाज बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।



शहनाज गिल के अलावा

## खेल

# कॉमनवेल्थ गेम्स में अब तक मेंस हॉकी टीम गोल्ड नहीं जीती, इतिहास रचने का मौका

**बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय पुरुष हॉकी टीम आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच खेलेगी। यह मुकाबला शाम 5 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम अब इस मुकाबले में 17 खिलाड़ियों के साथ उतरेगी।**




इन 17 खिलाड़ियों में रोटेशन होगा और एक समय पर 11 खिलाड़ी मैदान पर होंगे। दरअसल इंडियन मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद चोटिल हो गए हैं। उन्हें 4 हफ्ते रेस्ट की सलाह दी गई है।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराया। भारतीय टीम तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया है भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2010 के दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स और 2014 ग्लास्गो कॉमनवेल्थ के फाइनल में पहुंची थी। तब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को गोल्ड मेडल के मैच में हराया था। मनप्रीत सिंह की अगुआई में अब तक भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया है। टीम अब तक इस टूर्नामेंट में अजेय रही है।

पहले मैच में भारत ने घाना को 11-0 से हराया था। वहीं, दूसरे मैच में टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-4 से ड्रॉ खेला था। तीसरा मैच भारत ने वेल्स के खिलाफ 4-1 से जीता था। वहीं सेमीफाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराया। टीम इंडिया अपने ग्रुप (पूल-बी) में पहले नंबर पर रही थी। सेमीफाइनल में भारत के लिए अभिषेक, मनदीप सिंह और जुगराज सिंह ने गोल दागे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की ओर से मुस्तफा कसीम और रेयान जूलियस ने गोल दागे। नीचे पढ़िए किस तरह सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ियों ने आखिर तक संयम बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया। पहले क्वार्टर में भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा। हालांकि, टीम गोल करने के मिले मौकों को भुना नहीं सकी। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वालों को बधाई दी

**नईदिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले मुक्केबाजों रोहित टोकस और मोहम्मद हुसामुद्दीन, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनलबेन पटेल और पहलवानों दीपक नेहरा एवं पूजा सिहाग को रविवार को बधाई दी।



मुर्मू ने ट्वीट किया, राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर रोहित टोकस को बधाई। अपने दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए आप कड़े मुकाबले में टिके रहे। आपने सराहनीय प्रदर्शन किया।

रोहित को पुरुष वेल्टरवेट (63.5 किग्रा-67 किग्रा) के सेमीफाइनल में जाम्बिया के स्टिफेन जिंबा ने 3-2 के खंडित फैसले से हराया।

राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट किया, राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर मोहम्मद हुसामुद्दीन को बधाई। राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरी बार आपका पद जीतना आपकी निरंतरता और समर्पण को दर्शाता है। आपकी सफलता कई युवाओं को प्रेरित करेगी।

मोहम्मद हुसामुद्दीन पुरुष फेदरवेट (57 किग्रा) को सेमीफाइनल में घाना के जोसेफ कोमे ने 4-1 के खंडित फैसले से मात दी।

## एक नजर

### पैदल चाल में प्रियंका ने रचा इतिहास



**बर्मिंघम** । एथलेटिक्स में भारत के लिए शनिवार का दिन अच्छा रहा। अविनाश साबले ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा का रजत पदक जीता। वहीं प्रियंका गोस्वामी ने 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। गोस्वामी ने पैदल चाल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर नया इतिहास रचा। दो रजत के साथ भारतीय एथलेटिक्स टीम के चार पदक हो गए हैं।

### पूजा गहलोत ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**बर्मिंघम** । भारत की पूजा गहलोत ने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल में स्कॉटलैंड की क्रिस्टेल को 12-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। कुश्ती में यह भारत का दूसरा कांस्य पदक है। भारत अब तक कुश्ती में कुल 10 पदक, तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत चुका है। भारत की पूजा गहलोत की मैच की शुरुआत खराब रही। स्कॉटलैंड के क्रिस्टेल ने पहले दौर में 2-0 की बढ़त बना ली। लेकिन तभी गहलोत ने क्रिस्टेल के खिलाफ गुटलेज की पारी खेली। उसने स्कॉटिश खिलाड़ी की टांगों पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपना गोल-गोल घुमाया। पूजा ने अपने खाते में 10 अंक बनाए और ख्रीस्तल के खिलाफ 5 गोल किए। पहले दौर में 10 - 2 की बढ़त लेने के बाद, पूजा गहलोच ने दूसरे दौर में तुरंत दो अंक हासिल कर 12 - 2 से मैच जीतकर भारत को कुश्ती में एक और कांस्य पदक दिलाया। वर्तमान में, भारत की पदक तालिका 31 है।

### किर्गियोस सिटी ओपन के फाइनल में

**वाशिंगटन** । निक किर्गियोस ने अंततः प्रदर्शन (में निरंतरता हासिल करते हुए शनिवार रात सिटी ओपन में मिखाइल यमेर को सीधे सेट में हराकर अपने करियर में पहली बार लगातार दूसरे टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। विंबलडन उप विजेता किर्गियोस ने हार्ड कोर्ट पर होने वाले अमेरिकी ओपन से पहले गर्म और उमस भरे हालात से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाते हुए सेमीफाइनल में 7-6 (4), 6-3 से जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया के 27 साल के किर्गियोस दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी हैं लेकिन अगर वह रविवार को खिताब जीत लेते हैं तो 37वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। किर्गियोस ने एटीपी टूर पर अपना पिछला खिताब 2019 में वाशिंगटन में जीता था। फाइनल में किर्गियोस की भिड़ंत 96वें नंबर के खिलाड़ी योशिहितो निशिओका से होगी जिन्होंने उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव को 6-3, 6-4 से हराया।



# भारतीय टीम की लाजवाब फील्डिंग

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में राधा ने दिलाई जोंटी रोड्स की याद, दीप्ति ने कपिल की तरह लपका कैच




हमारी विमेंस क्रिकेट टीम भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलॉफ कॉमनवेल्थ गेम्स का फाइनल मुकाबला हार गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों की फील्डिंग ने फैंस का दिल जरूर जीत लिया। एक समय 180-190 रन के स्कोर की तरह बढ़ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत की लाजवाब फील्डिंग के कारण ही 161 रन पर ठहर गई। मैच में कम से कम चार मोमेंट ऐसे रहे जब टीम इंडिया की खिलाड़ियों ने फील्डिंग के दम पर दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 11वें ओवर में राधा यादव ने मैग लेनिंग को रन आउट किया। राधा खुद गेंदबाजी कर रही थीं। उनकी पहली गेंद पर स्ट्राइकर बेथ मूनी ने गेंदबाज की ओर शॉट खेला। उसे रोकने की कोशिश में राधा असंतुलित हो चुकी थीं, लेकिन उन्होंने गिरते-गिरते बैक फ्लिक से गेंद को स्टंप पर मार दिया। मैग लैनिंग क्रीज से बाहर थीं और तमाम कोशिश के बावजूद वे अपना बैट अंदर नहीं ला सकीं और रन आउट हो गईं। लैनिंग ने 26 गेंदों पर 36 रन ही बनाए थे।

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 12वें ओवर में दीप्ति शर्मा की गेंद पर राधा ने ताहलिया मैक्ग्रा का शानदार कैच पकड़ा। मैक्ग्रा ने बैकवर्ड पॉइंट की ओर शॉट खेला था।। राधा ने 90 के दशक में साउथ अफ्रीका के मशहूर फील्डर जोंटी रोड्स के अंदाज में डाइव लगाते हुए शानदार कैच लपक लिया।

# पीएम मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को बधाई दी

**नईदिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के कई पदक जीतने के बाद रविवार को खिलाड़ियों प्रयासों की सराहना की।




महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भावुक हुई और लोगों से माफी मांगने वाली भारतीय पहलवान पूजा गहलोत के एक वीडियो को टैग करते हुए मोदी ने कहा, पूजा, आपके पदक के लिए उत्सव होना चाहिए, माफी नहीं।

उन्होंने कहा, आपकी जीवन यात्रा हमें प्रेरित करती है, आपकी सफलता हमें प्रसन्न करती है। आपकी किस्मत में कई शानदार चीजें हैं.... चमकते रहें!

मोदी ने कांस्य पदक जीतने के लिए पहलवान पूजा सिहाग की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने एक प्रतिभाशाली पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, उसने कभी हार नहीं मानने के रवैये की बदौलत कई चुनौतियों का सामना किया है। उसने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीता है, उसे बधाई। मुझे विश्वास है कि वह आने वाले समय में भारत को गौरवांवित करती रहेगी।

कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान दीपक नेहरा की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने उल्लेखनीय धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाई।

मोदी ने महिला एकल पैरा टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीतने के लिए भाविना पटेल को भी बधाई दी।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर हुआ अमल, जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवाओं को फिर मिलेगा 167 सरकारी नौकरी

पिछले दो साल में 115पहाड़ी कोरवा युवक युवतियों को शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद पर दी गईं नौकरी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पिछडी पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों की जीवन की दशा बदलने के लिए कई प्रयास किये जा रहे है जिससे समुदाय के लोग की अब आर्थिक और सामाजिक प्रगति की कर रहे है। निश्चित ही आने वाले समय में पहाड़ी कोरवा समाज के लिए एक मिसाल बनेंगे। जिस तरह से जिला प्रशासन पहाड़ी कोरवा जनजाति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि रोजगार, स्वरोजगार एवं अन्य क्षेत्रों में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

उसमें आने वाले समय वे तेजी से दौड़ते हुए दिखेंगे। जिला प्रशासन उस दिन के इंतजार में जब वह तीर धनुष वाले लंगोटधारी पहाड़ी कोरवाओं की आज की पीढ़ी अंतरिक्ष में जाने की बात करेगी। पिछले दो साल में जिला खनिज न्यास निधि से 115 विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति के शिक्षित युवक युवतियों को अतिथि शिक्षक की नौकरी दी गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में 36 को शिक्षक, तृतीय श्रेणी के पदों पर 23, चतुर्थ श्रेणी नियमित, 33, चतुर्थ श्रेणी कंटीजेंसी 221 पदों पर भर्ती की गई है। अब तक पहाड़ी कोरवा समुदाय के कुल 428 शिक्षित युवक युवतियों को शासकीय नौकरी में नियुक्ति प्रदान कर उनके जीवन में खुशियों का नया रंग भर दिया गया है।

## शिक्षा ने बदली पहाड़ी कोरवाओं की सोंच, तीर कमान नहीं अब किताब कलम को बना रहे औजार

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने 2022 में भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में जशपुर जिला के प्रवास 26 जून को विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के लिए विशेष भर्ती अभियान करने की घोषणा की है जिसके पालन में जशपुर जिले में लगभग 167 युवक युवतियां को सीधी नियुक्ति दी जा रही है इस भर्ती में वर्तमान में सहायक शिक्षक नियमित के पद पर 10, हायरसेकेण्डरी और कम्प्यूटर पात्रता धारी को प्राथमिकता देते हुए सहायक ग्रेड 3 के पद पर 8 लोगों को1 ड्रेसर वर्ग 2 के पद पर विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2022 को नियुक्ति दिया जायेगा। जिला प्रशासन की सोंच है कि विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति के बदलाव और उनके उत्थान का एकमात्र रास्ता शिक्षा है जिसके माध्यम से वे विकास के अनेक सोपान तय कर सकते है इसके लिए आदिम जाति विकास विभाग द्वारा उनके लिए छात्रावास आश्रम की स्थापना की गई है। जिसमें वर्तमान में कुल 850 बालक बालिका है। पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों के लिए पृथक से पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय रूपसेरा में स्थापित है जहां कक्षा 1 ली से 10 तक प्रत्येक कक्षा में 10 बालक और 10 बालिकाओं के लिए सीट स्वीकृत है जिसमें 200 सीटें स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त भी कई अन्य स्कूलों में पहाड़ी कोरवा बच्चे अध्ययनरत है। पहाड़ी कोरवा बालिकाओं के लिए तीन कन्या एवं एक बालक आश्रम को आदर्श आश्रम के रूप में विकसित किया गया है। जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कुल 71 बच्चे, प्रयास आवासीय में 2 बच्चे अध्ययनरत है। कभी सोंचा भी नहीं जा सकता था कि पहाड़ी कोरवा समुदाय का बच्चा अंग्रेजी माध्यम स्कुल में पढ़ेगा लेकिन आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महत्वकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा में वर्तमान में 12 बच्चे अध्ययन कर रहे है। जो यह प्रदर्शित कर रहा है कि जिला प्रशासन के द्वारा पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में किये जा रहे प्रयास अब सफल हो रहे हैं। अन्य शासकीय स्कूलों में वर्तमान में 1652 छात्र-छात्राएं कक्षा 1से 12 तक अध्यनरत कर रहे है। अब तक 91 पहाड़ी कोरवा बसाहटो में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 2439 पहाड़ी कोरवा मरीजों को लाभान्वित करते हुए आवश्यकतानुसार औषधि वितरण किया गया है एवं उनमें बीमारियों के रोकथाम के लिए जागरूकता लाई जा रही है। विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया है जिसमें पूरक पोषण आहार में 4377, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में 856, अतिरिक्त पोष्टिक आहार से लाभान्वित 3168, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना 571, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 06 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

पहाड़ी कोरवाओं की जीविका का मुख्य आधार कृषि है जिसे दृष्टिगत कर जिला प्रशासन जशपुर के द्वारा उनके कृषि संसाधनों में वृद्धि कर समृद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही प्रयास किया जा रहा है कि उन्हें उन्नत एवं आधुनिक खेती की दिशा में वे धीरे से आगे बढ़ें। इसके लिए जिला प्रशासन पहाड़ी कोरवाओं को आधुनिक कृषि के लिए प्रशिक्षित एवं जागरूक कर रहा है जशपुर जिले के इस जनजातीय समुदाय के लिए डबरी निर्माण, भूमि सुधार, कुंआ निर्माण, जैसे कार्य किये जा रहे है। सौर सूजला योजनातर्गत पहाड़ी कोरवाओं को 44 सोलर पम्प उपलब्ध कराये गए है। साथ ही सब्जी एवं मसाला मिनी किटएस्प्रिंकलर सेट भी प्रदान किया गया है। जिसके माध्यम से उन्होंने उन्नत कृषि से अपनी आय में बढ़ोतरी भी की है। वर्तमान में उन्हें चाय कॉफी की खेती की दिशा में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्यों को 697 व्यक्तियों को 535,708 हेक्टेयर व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 421 को 10747 ।216 हेक्टेयर वन अधिकार पत्र एवं 48 को 20164 ।577 हेक्टेयर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र भी वितरित किया गया है।

पहाड़ी कोरवाओं जनजातीय परिवार के युवाओं को आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास जिला प्रशासन के द्वारा किया गया है। 40 पहाड़ी कोरवा युवाओं को प्लम्बर ट्रेनिंगए हैण्ड पम्प सुधार एवं घरेलू रनिंग वाटर कनेक्शन सुधार कार्य, सेनेटरी फिटिंग जैसे कामों के लिए ट्रेनिंग देकर स्व रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया गया है। जिससे की वे निवासरत क्षेत्र में ही काम करके आमदनी कर सकें। इस तरह के रोजगारोनमुखी प्रशिक्षण से विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार के युवाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

# पारंपरिक दक्षता को व्यवसायिक पहचान देकर महिलाएं हुयी आर्थिक रूप से सशक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



ग्रामीण महिलाएं घरेलू कार्य में दक्ष होती है, लिहाजा जंगल से प्राप्त घास का झाड़ू बनाने का कार्य पारंपरिक आजीविका गतिविधि के रूप में कर रही थी। लेकिन व्यवसायिक दृष्टि से कार्य नहीं करने से उनकी सामग्री की उत्पादन और आय कम थी। आज महिलाओं ने जय मां लक्ष्मी समूह का निर्माण कर घास की हरियाली को ही अपना उद्यम बना कर स्वावलंबी हो रही है। समूह द्वारा कार्य को बड़े स्तर में करने से उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। जिससे वे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही परिवार के भरण-पोषण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम झाल में स्थित ग्रामीण औद्योगिक केन्द्र (रीपा) गौठान का निर्माण अगस्त 2020 में शुभारंभ हुआ। यह शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, झाल गोठान में समूहों द्वारा जंगलों से प्राप्त घास से झाड़ू का निर्माण किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा घास को हाथों से गूंथकर एक सुन्दर झाड़ू के रूप में लाने की यह पारंपरिक आजीविका है जो सालों से चली आ रही है। परन्तु उचित मार्केट की व्यवस्था न होने के कारण कम मात्रा में निर्माण किया जाता था। बिहान से जुड़ने के बाद सभी सदस्यों को प्रेरित कर मार्केट लिंकेज कर आजीविका को बढ़ाया गया है। कच्चा माल जंगल से ही प्राप्त होने का कारण इसकी लागत राशि शून्य होती है केवल परिश्रम का कार्य होता है। इसलिए इस आजीविका गतिविधि में समूह की रूचि अधिक है। अभी तक सी-मार्ट, अस्पताल, छात्रावास, नगर निगम, जनपद कार्यालय, स्थानीय कंपनियों को लगभग 13 हजार नग से अधिक झाड़ू विक्रय कर चुकी है। जिसका मूल्य तकरीबन 4 लाख हैं।



जय मां लक्ष्मी समूह के झाड़ू निर्माण कार्य को देखते हुए अन्य समूह के सदस्य भी समूह के साथ कार्य करने और काम सीखने की रूचि दिखाने लगी है।

जिससे अन्य समूह के सदस्यों द्वारा आजीविका गतिविधियों की मांग की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा गौठान में अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों के संचालन की कार्ययोजना बनायी जा रही है। गोधन न्याय योजना और गौठान के माध्यम से आजीविका मूलक गतिविधियों के संचालन के लिए समूह ने शासन एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

# जिला हॉकी संघ कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न



**राजनांदगांव।** 08.08.2022 दिन रविवार को जिला हॉकी संघ की बैठक ठाकुर प्यारे लाल स्कूल मीटिंग हाल में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री फ़िरोज़ अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अधोहस्ताक्षरित सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर चर्चा पश्चात निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम श्री फ़िरोज़ अंसारी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की सभी सदस्यों से राजनांदगांव की हॉकी को बढ़ाने के लिए सभी से सहयोग चाहा है। संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए क्लबो की वर्तमान स्थिति से भी सभी को अवगत कराया। उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के द्वारा किये गए आयोजन की जानकारी दी गई व सभी आयोजन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों व खिलाड़ियो निर्णयको को धन्यवाद ज्ञापित किया। आगामी सितम्बर- अक्टूबर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सहमति प्रदान करते हुए जूनियर स्तर की प्रतियोगिता करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में आय व्यय पर चर्चा भी की गई। तथा राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले अनुदान पर भी चर्चा की गई। स्थानीय संस्थाओं द्वारा हॉकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से होने वाले आयोजन के लिये संस्थाओं को जिला हॉकी संघ से अनुमति ले कर आयोजन करने का निर्णय लिया गया है बिना अनुमति के आयोजन किये जाने पर जिला हॉकी संघ की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने दुर्ग शहर विधानसभा चंडी शीतला मंडल की बैठक संपन्न



**दुर्ग।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर देशभर में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत दुर्ग जिला चंडी शीतला मंडल में बैठक जिला अध्यक्ष द्वारा बैठक लिया गया बैठक में तिरंगा पदयात्रा एवं हर घर तिरंगा फहराने की कार्य योजना बनया गया।

हर घर तिरंगा फहराने इस वृहद अभियान कार्यक्रम से आमजन को जोड़ने भाजपा द्वारा अगस्त क्रांति के दिन 9 अगस्त से दुर्ग शहर में सभी मंडलों में क्रमवार तिरंगा पदयात्रा निकाली जाएगी जिसकी शुरूवात चंडी शीतला मंडल में मंगलवार 9 अगस्त सुबह 9:00 बजे मां चंडीका मंदिर मे पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ होगी जो मंडल की सभी वार्डों में भृमण करते हुए शाम 7बजे वार्ड 7 लुचकी पारा वार्ड में समाप्त होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, गजेंद्र यादव, भाजपा जिला मंत्री दिनेश देवांगन, जीत हेमचंद यादव, अनूप गटागट, विनायक नातू, भाजपा चंडी शीतला मंडल अध्यक्ष शेखर चंद्राकर, विजय ताम्रकार, बंटी चौहान, रजनी शिवस्तव, रामलोचन तिवारी, वीरेंद्र तन्ना, कलिंद्री साहू, गोविंद देवांगन, राजा यादव, रंजित रावत, कन्हैया चंद्राकर, शीतल जागीर, गोपू पटेल, निशीकांत मिश्रा, आसिफ अली, रेणुका देवांगन, गीता राजपूत, मीनाक्षी महोबिया, मनहरण देवांगन, अमीकेश पांडेय, रेणुका देवांगन, पार्षद मनीष साहू, पार्षद अजीत वैध, दिनेश्वरी तुलकर आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### विद्युत आपूर्ति में खराबी आने पर तत्काल किया जाता है सुधार

**बालोद ।** जिले में विद्युत आपूर्ति में अचानक खराबी आने पर उसका तत्काल सुधार कार्य कर सप्लाई सुचारू रूप से किया जाता है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र करहीभदर से निकलने वाली 11 के.व्ही. बेलोदा बस्ती फिडर से ग्राम नारागांव की विद्युत आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि उपकेन्द्र करहीभदर में 11 के.व्ही. बेलोदा बस्ती फिडर के कंट्रोल पैनल एवं वी.सी.बी. उपकरण में अचानक तकनीकी खराबी आने के कारण फीडर में लोड बढने से आटोमेटिक ट्रीपिंग हो रहा था। जिसे 03 अगस्त 2022 को कंट्रोल पेनल एवं वी.सी.बी. उपकरण को तकनीकी सुधार कराके ठीक कराया गया है। जिससे 11 के.व्ही. लाईन ट्रीपिंग नहीं हो रहा है। अभी वर्तमान में सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है।

### धान, मटर, कुल्थी, चावल, मसूर, मयूरपंख, मक्का, सीताफल बीजों से बनी राखी से सजेगी भाईयों की कलाईयां

**कांकेर ।** बिहान योजना अंतर्गत स्व. सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भाईयों के लिए धान, मटर, कुल्थी, चावल, मसूर, मयूरपंख, मक्का, सीताफल बीजों से राखियां बनाया जा रहा है। रक्षा बंधन त्यौहार भाई-बहनों का अटूट प्रेम का संदेश देता है। जिले के बिहान समूह के महिलाओं द्वारा अपने हाथो से राखियां बनाकर भाईयों के भेज रही हैं। इसके साथ ही स्थानीय बाजारों में भी उपलब्ध कराई जा रही है। रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए समूह की दीदीयां अपने आजीविका के रूप में राखियां तैयार करने में लगी हैं, बनाई गई राखियां इस बार भाईयों के हाथों में संजेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर अश्वनी यादव के मार्गदर्शन में ग्राम दसपुर, धनेली कन्हार, बिहान स्व सहायता समूह एवं स्थानीय संसाधन जैसे धान, मटर, कुल्थी, चांवल, मसूर, मयूरपंख, मक्का, सीताफल बीजों से राखी तैयार कर अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। इस कार्य के लिए समूहों को बीपीएम, एसी, वायपी द्वारा प्रशिक्षण व सहयोग किया जा रहा है।

### अंतिम श्रावण सोमवार पर जलाभिषेक करने शिवालय पहुंचे शिवभक्त

**जगदलपुर ।** अंतिम श्रावण सोमवार पर शिवालयों में झमाझम बारिश के बाद भी शिव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। शिवालयों के बाहर वेल पत्र, धतुरा, फल, फूल व प्रसाद की दुकानें भी लगी हुई थी। श्रद्धालु मंदिर सुबह से शाम तक जलाभिषेक करते रहे। नगर के महादेव घाट, सीताराम शिवालय, शंकर देवालय सहित अन्य शिवालयों में सावन के आखरी सोमवार के अवसर पर श्रद्धालु सुबह ही पहुंच गए और कतारबद्ध तरीके से शिवालय पर जलाभिषेक किया।

# शिवधाम में जला अभिषेक के लिए पावड़ा नदी से जल लेकर पहुँचे कांवडिये

शिव मंदिरों में किया जला अभिषेक



**फरसगांव।** फरसगांव क्षेत्र में कांवडियो के द्वारा अंतिम सावन सोमवार को शिवालयो में जला अभिषेक किया गया शिव भक्तो ने पावड़ा शिव मंदिर नदी में स्तिथ सात धारा से श्रद्धालु भक्त जल लेकर निकले और मार्गो में पड़ने वाले सभी शिवालयो में जल अर्पित कर निरंतर आगे बढ़ते रहे तेज बारिश होने पर भी कावंड़ियों का जोश कम नही हुआ कावंड़ियों का बड़ेडोंगर और फरसगांव में भव्य स्वागत किया गया साथ ही नगर वासियो ने कांवड़ियों को फलाहार करवाया गया कावंड़ियों ने फरसगांव शिव मंदिर में जलाअभिषेक किया साथ ही नेशनल हाइवे 30 में स्तिथ जटायु शीला में भी कांवड़ियों मेंजला अभिषेक कर देश प्रदेश व क्षेत्र वासियो के लिए सुख शांति व खुशहाली की दुआ मांगी कावंड़ यात्रा का समापन शिव मंदिर पश्चिम बोरगांव में समापन किया गया यह कावंड़ यात्रा 2018 से प्रारम्भ की गई है और निरन्तर जारी है जिसमे लगभग 40 किलोमीटर से अधिक की दूरी पैदल तय की जाती है ग्राम पश्चिम बोरगांव, केटपदर, सिंगरपुरी, फुपगांव और बोरगांव के 90 से अधिक बुजुर्ग, महिला, युवा और बच्चे शामिल हुये, बड़ेडोंगर और फरसगांव पुलिस के द्वारा सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किये गये थे ।



# देशभक्ति का संदेश के साथ निकली तिरंगा यात्रा

तिरंगा शान से फहराएं, पूरे सम्मान के साथ फहराएं हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



आजादी के 75 वें वर्षगांठ और अमृत महोत्सव के अवसर पर हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कड़ी में जिला प्रशासन के द्वारा आज हर घर झण्डा अभियान को सफल बनाने के लिए बस स्टैण्ड से स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय तक 75 मीटर झण्डे के साथ 3 किलो मीटर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

रैली में जशपुर विधायक विनय भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जशपुर कैप्टन जे के चौधरी, आदिम जाति विभाग के सहायक आयुक्त बीके राजपूत, नगरपालिका अधिकारी ज्योत्सना टोप्पो,सूरज चौरसिया अजय गुप्ताए जनप्रतिनिधिए समाजसेवी, आम नागरिक, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। विधायक विनय भगत ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए हर घर झण्डा अभियान को सफल बनाने के लिए गांव, कस्बों, शहरों के साथ हर घर में सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहरा कर अपनी सहभागिता निभाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हम सुन्दर जशपुर में देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

## राष्ट्रध्वज फहराकर अपनी-अपनी सहभागिता निभाएं-विधायक



जिससे पूरा करने के लिए सभी ने अपनी-अपनी सहभागिता निभाया। देश भक्ति की झलक और जज्बा लिए सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर पूर प्रदेश में हर घर झण्डा अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने 11 से 17 अगस्त तक सभी आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और ग्राम पंचायतों में भी अपने-अपने घरों मे झण्डा नियम का पालन करते हुए झण्डा फहराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आन्दोलन 08 अगस्त 1942 को शुरू हुआ था। स्वतंत्रता को लेकर शुरू हुए इस दिवस को हर घर तिरंगा अभियान के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि देश को ऊंचाई तक पहुंचाने सभी एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि तिरंगा शान से फहराएंगे पूरे सम्मान के साथ फहराएं, हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में हुआ विद्यार्थी परिषद का गठन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर में इस सत्र 2022-23 के लिए छात्र परिषद गठित कर बच्चो को 4 निकेतन (हाउस) मे बांटा गया और छात्र संघ का गठन किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने की साथ ही श्रीमती बबीता धानुका, विष्णु धानुका, श्रीमती प्रणिता अग्रवाल तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।



इस शुभ बेला में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के नेतृत्व में अभ्यागत अतिथियों अनिल कुमार सोनी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर) तथा आर. के. नायक (सुप्रिंटेंडेंट इंजिनियर इलेक्ट्रीकल सी.एस.पी.जी.सी.एल. मडवा चांपा) का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं बेच लगाकर किया गया तत्पश्चात् मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह ने विद्यालय में विद्यार्थी परिषद् के गठन का महत्व समझाते हुए छात्रों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति प्रेरित मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक आशीष राउत के द्वारा चारों सदनों का अर्थ व महत्व बताते हुए, कार्यभार का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्र परिषद् के चयनित शाला नायक आयुष्मान साहू एवं शाला नायिका अनुष्का शुक्ला, उपशाला नायक आदित्य मनु, उपशाला नायिका आयुषी तिवारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी - सौम्या तिवारी, सिमरन सिंह, अनुशासन प्रभारी - अतुल राठौर, प्रथमा पाण्डेय, खेल प्रभारी - शिवांश द्विवेदी, आदित्य निर्मलकर, कांचि सिंह, लवली राठौर, आर्ट एंड क्राफ्ट - सोहम गोपाल, मुक्तिका देवांगन बैंड इंचार्ज - सोनल श्रीवास, कृष्णा शर्मा, रोहित शर्मा रूद्र शब्बरवाल, आर्ची धानुका, आरव द्विवेदी वालंटियर - अमन धैर्य, श्रीजन सिंह, आर्यन कसेर, सूरज पटेल, प्रगति शर्मा, भूमि बजाज, अदिति सिंग, केशव सोनी, संस्कार पटेल, ओजस्व मित्तल, प्रार्थना प्रभारी - वाणीप्रिया तिवारी, आर्ची बजाज, समृद्धि पाण्डेय, आर्यन शर्मा, यश बैसवार, अनन्या श्रीवास्तव, हाउस इंचार्ज अभय हाउस - पावनी उपाध्याय, मयंक साहू, अजय हाउस - भूमि मोदी, प्रखर पॉंडेय, प्रगति शर्मा, अनंत हाउस - ऐंजल राठौर, चेतना पाण्डेय, कृष्णा शर्मा, आदित्य हाउस - जान्हवी अग्रवाल, ओजल कसेर, भूमि बजाज का चयन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों को चार निकेतन में विभक्त किया गया। कक्षा नायक - वंश सुल्तानिया, विशिष्ठ जयसवाल, आशुतोष राठौर, प्रांजल पाटले, गणेश मोदी, पूर्वी अग्रवाल, सार्थक पाण्डेय, प्रखर उपाध्याय, दीपक साहू, श्रेयस राठौर, उजैर अंसारी, राघव अग्रवाल, अयान ताम्रकर, पियूष अग्रवाल, जान्हवी अग्रवाल रहे साथ ही इन चारो हाउस के इंचार्ज शिक्षक 01. आदित्य निकेतन (शीतल राठौर, सना इस्लाम, ललित महंत) 02. अभय निकेतन (साधना सिंह, धनंजय सिंह, अविनाश गढेवाल) 03. अजय निकेतन (आशा राठौर, आरती सिंह, प्रकाश पाण्डेय) 04 अनन्त निकेतन (नेहा अग्रवाल, सरिता प्रधान, विजयलता राठौर) का चयन किया गया। इस कड़ी में प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह द्वारा विभिन्न सदनों से चयनित विद्यार्थियों को उनके पदानुसार शपथ दिलवाई गई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल कुमार सोनी अपने जीवन के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कितने संघर्ष के बाद वे इस मुकाम पर पहुचे है। उन्होने उपस्थित छात्रों को कहा की पढ़ाई में तल्लीन रह कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि आर. के. नायक ने छात्र संघ के महत्व पर अपने विचार छात्रों के साथ साझा करते हुए बताया कि छात्र जीवन बहुत ही अनमोल होता है। शिक्षा ही जीवन का आधार है तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक आलोक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने जीवन में दायित्व व अनुशासन का पालन कर्मठता से करने को कहा छात्र अपने दायित्यों का पालन कर, अनुशासित रहकर विद्यालय का नाम रोशन करे। उपस्थित अतिथियों को बीपीएस मैनेजमेंट की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रियंका शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन सागर विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एडमिन स्टाफ एवं अभिभावकगण की उपस्थिति रही।

# इन्नर व्हील क्लब आफ रायगढ़ सैंट्रल ने किया शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बीना शर्मा को कालर पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया इन्नर व्हील प्राथना के साथ कार्यक्रम का शुरू की गई इस साल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बीना शर्मा उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल सचिव श्रुति देवांगन मनीषा अग्रवाल ज्तमेंनतम शशि अग्रवाल म्कपजवत करुणा अग्रवाल,सीमा बोदिया सभी नवनियुक्त सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष द्वारा आनेवाले कार्यक्रम का ब्यौरा दिया गया मंच संचालन मोना गुप्ता द्वारा बखुबी से निर्वाह किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में बीना शर्मा, सीमा अग्रवाल, श्रुति देवांगन शशि अग्रवाल मनीषा अग्रवाल करुणा अग्रवाल सुषमा तायल सरोज निगानिया सीमा बोदिया नूपुर गुप्ता जिया रेखा अग्रवाल संगीत अग्रवाल रेणु बोदिया राखी देवांगन मोना गुप्ता तरूणा मेहता सरिता गोयल अनिता अग्रवाल लक्ष्मी अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल मीना अग्रवाल नीलाम टुटेजा गायत्री अग्रवाल सेजल शाह आदि सदस्यो का योगदान रहा।

# संसदीय सचिव मिंज ने हर घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बढ़ाने में आम नागरिकों को सहभागिता निभाने का किया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु प्रत्येक घर,शासकीय, अर्धशासकीय और निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में भी सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक कुनकुरी यू डी मिंज ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि तिरंगा राष्ट्र की गरिमा का प्रतीक है। भारत देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को और बढ़ाने के लिए घर पर ध्वज फ हराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मिंज ने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर तिरंगा झंडा फहराकर इस अवसर को ऐतिहासिक बनाएंगे। उन्होंने महोत्सव को सफ ल बनाने हेतु शासकीय संस्थानों सहित हर गांव, हर शहर, हर घर में सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फ हराकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता और राष्ट्रीयता की भावना को संवर्धित करने में आम नागरिकों को अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। ताकि आम जन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृद्धि हो।

# क्षतिग्रस्त नहर के हिस्से को मरम्मत करने और नुकसान फसल का रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

## कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



पामगढ़ के ग्राम बारगांव में क्षतिग्रस्त हुए नहर से पानी खेत और घरों में घुसने से होने वाले नुकसान की जांच और पानी से ग्रामीणों के बचाव के लिए कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर एसडीएम सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से से पानी के बहाव को रोकने शीघ्रता से मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर पामगढ़ एसडीएम बी एस मरकाम, जल संसाधन विभाग के अधिकारी और तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों ने बारगांव में घटनास्थल का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग द्वारा पानी के तेज बहाव को नियंत्रित कर नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से को मरम्मत किया जा रहा है। पामगढ़ एसडीएम मरकाम ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ घटनास्थल का मुआयना कर मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। फसल सहित जो भी नुकसान हुआ है उसकी रिपोर्ट बनाई जा रही है। प्रभावितों को राहत पहुचाई जाएगी। यहाँ 2 किसान परिवार के घर में पानी चले जाने के बाद इन परिवारों के राशन की व्यवस्था भी कर दी गई है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी तरह की जनहानि भी नहीं हुई है।



# ग्राम पंचायत मख्नपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर के रोड का हालत खराब, डॉ. खरे ने जताई नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखण्ड के क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत मख्नपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर से अंधियारखोर तथा मक्खनपुर जाने के लिए लोगों को मुख्य मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है ।



डॉ.जगजीवन खरे ने कहा, इस रास्ते पर इस कदर बारिश की बौछार है और अब बरसात के दिनों में तो बारिश होना तय है मगर रोड का बनना तय नहीं हो पा रहा है और इस तरह का आलम जिससे स्कूली बच्चे किसान या आने जाने वाले सैकड़ों की तादाद में गोपालपुर से होकर चाहे अंधियारखोर की ओर जाना हो चाहे मक्खनपुर की ओर कीचड़ से होकर तो जाना ही पड़ेगा अभी वर्तमान स्थिति में तो रोड की हालत इतनी खराब है कि देखने का मन नहीं करता तो लोग बाग चले कैसे मगर जिनको जाना है वह तो कीचड़ से होकर जाएंगे ही इस रोड से बच्चे पैदल जाते हैं गाड़ी वाले तो गाड़ी खड़ा करके ही जा पाएंगे इस तरह से देखा जाए तो वास्तव में स्थिति इतनी भयानक हो गई है कि अगर किसी को हॉस्पिटल भी जाना हो तो एंबुलेंस की सुविधा उस रास्ते पर नहीं मिल पाएगी अगर कोई सुख या दुख की स्थिति में हो तो उसे भी मुश्किल हो जाएगा उस स्थिति को निकालना और इस रोड की बर्बरता के कारण तो अब जनता इतनी परेशान हो गई है आज तक रोड नहीं बन पाने की स्थिति में।

# सौ से अधिक सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को तंग कमरों से बैठने से मिलेगी आजादी

## मुख्यमंत्री के निर्देशन में 101 स्कूलों में 105 अतिरिक्त कक्ष की मिली स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जिले का वह चाहे सरकारी स्कूल महुदा हो या डभरा के चंद्रपुर का कन्या शाला। जैजैपुर का प्राथमिक शाला बेलादुला हो या सक्ती के बोकरामुड़ा का माध्यमिक शाला। अब इन सरकारी पाठशालाओं में पढ़ने वाले गांव के गरीब और किसानों के बच्चों को कक्षा में बैठने के लिए समस्याओं को सामना नहीं करना पड़ेगा। जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार स्कूलों का दौरा करने और कक्षा में जाकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने वाले जिले के कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन और मार्गदर्शन में उच्च अधिकारियों से समन्वय बनाकर जिले के सौ से अधिक स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष बनाने की स्वीकृति प्राप्त की है। कलेक्टर के इस प्रयास से दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों में भवन की कमी से जूझ रहे विद्यार्थियों को तंग कमरे में या अन्य कक्षाओं के बच्चों के साथ बैठकर पढ़ाई करने से आजादी मिल जाएगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षा को संवारने के साथ संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उनके निर्देशन में जांजगीर-चाम्पा जिले में शिक्षा को बेहतर बनाने के साथ नई संभावनाओं की दिशा में कार्य कर रहे कलेक्टर श्री सिन्हा ने अनेक स्कूलों का दौरा करने के बाद देखा था कि स्कूल में भवन की कमी है और विद्यार्थियों को बैठने में समस्या आ रही है। उन्होंने अपना प्रयास जारी रखा और उच्च स्तर के अधिकारियों से संपर्क बनाकर जिले में 101 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों की स्वीकृति भी हासिल कर ली। राज्य शासन के माध्यम से सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत राशि 4 करोड़ 58 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के पश्चात 60 प्रतिशत की राशि लगभग 2 करोड़ 75 लाख रूपये जारी की गई है। 101 स्कूलों में 105 अतिरिक्त कक्ष के लिए लगभग 8 करोड़ की राशि खर्च होगी। चूंकि इन स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि की कमी भी आ रही थी। समय के साथ लागत बढ़ने और स्कूल भवन की आवश्यकताओं को देखते हुए कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास से 4 करोड़ की राशि देने की बात कही है। इस तरह अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए जिले में राशि की समस्या नहीं आएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ अतिरिक्त कक्ष बनाने और जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश भी दिए हैं। जिले के 101 स्कूलों में 105 अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे। जिसमें बम्हनीडीह ब्लॉक में 14, बलौदा ब्लॉक में 12, मालखरौदा ब्लॉक में 9, पामगढ़ में 12, सक्ती ब्लॉक में 8, डभरा ब्लॉक में 13, जैजैपुर ब्लॉक में 13, नवागढ़ ब्लॉक में 12, अकलतरा ब्लॉक में 8 स्कूल शामिल है।

**समय के साथ लागत बढ़ने पर कलेक्टर ने डीएमएफ से भी आधी राशि देने की पहल की**



### सीईओ रहते जो प्रयास किया वह कलेक्टर बनने के साथ हुआ पूरा

***कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा शिक्षा के महत्व को भलीभंति जानते हैं। वे जिले में शिक्षकों को उनका दायित्व और कर्तव्य समझाने के साथ विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति उनकी रूचि शुरू से ही रही है। 8 साल पहले जब वे इस जिले के जिला पंचायत सीईओ थे तब भी वे लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के पाठशालाओं को संवारने और अतिरिक्त कक्ष हेतु 2014-15 में उनके ही प्रयास से प्रस्ताव गया था। यह संयोग भी है कि इस जिले का कलेक्टर बनने के बाद उनके कुछ प्रयास से 101 स्कूलों में 105 अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति मिली है।***

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों की संविदा भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू 12 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजनान्तर्गत संचालित 9 विद्यालयों में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। जिसके लिए 12 अगस्त 2022 को शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार होगा।

**अंग्रेजी माध्यम में संविदा सीधी भर्ती**

स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी मा.वि.पुसौर में सहायक शिक्षक विषय-विज्ञान में एक पद अजजा के लिए, बरमकेला में शिक्षक विषय-अंग्रेजी के लिए 1 पद अनारक्षित एवं सहायक शिक्षक-कला एक पद अजजा के लिए तथा सारंगढ़ में शिक्षक विषय-अंग्रेजी के लिए एक पद अनारक्षित के लिए रिक्त है।

**प्री-प्राईमरी टीचर हेतु संविदा भर्ती**

शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, कोड़ातराई एवं कोतरा में प्री-प्राईमरी टीचर हेतु एक-एक पद अजजा के लिए के लिए रिक्त है। उक्त पद के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 8 वीं, 10 वीं एवं उच्चतर माध्यमिक 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण एवं एनटीटी/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा एनटीटी नहीं मिलने पर डीएड/डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को विचार किया जाएगा।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय रायगढ़ अथवा जिले के वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते है।

### पेंशन प्रकरण तैयार करने हेतु आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छ.ग.राज्य के कर्मचारी/अधिकारियों के सेवानिवृत्त पश्चात उनके पेंशन प्रकरण तैयार किए जाने एवं निराकरण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 17 अगस्त 2022 को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में किया जाएगा। समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को सूचित किया गया है कि उक्त प्रशिक्षण में संबंधित शाखा लिपिक अपने कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। पेंशन प्रकरण के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

### समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एडूकेटर के नवीन पद हेतु 20 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले के 9 विकासखण्ड में समावेशी शिक्षा अंतर्गत एक-एक पद स्पेशल एडूकेटर के नवीन पद निश्चित मानदेय 20 हजार रुपये स्वीकृत किए गए है। रिक्त पदों पर पात्र एवं ईच्छुक आवेदकों से 20 अगस्त 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर डाउनलोड कर सकते है।

### जिले में 576.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 576.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 641.8 मिली मीटर, पुसौर में 695.2, खरसिया में 556.2, सारंगढ़ में 787.7, बरमकेला में 577.1, घरघोड़ा में 482.5, तमनार में 652.8, लैलूंगा में 513.6, धरमजयगढ़ में 538.8, सरिया में 463.8 एवं छाल में 436.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### मोटरयानों पर बकाया कर के एक मुश्त निपटान योजना के तहत लंबित शास्ति राशि में 31 मार्च तक छूट

**राजनांदगांव ।** परिवहन विभाग द्वारा मोटरयानों पर बकाया कर के एक मुश्त निपटान योजना के तहत लंबित शास्ति राशि में 31 मार्च 2023 तक छूट प्रदान किया गया है। जिसके अनुसार मासिक एवं त्रैमासिक कर के देय वाहनों में 1 अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 की अवधि तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट दी जाएगी।

# उदउदा, रानीटांगर गांव में फिर दिखा दो दंतैल हाथी

## सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को किया सतर्क

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



वन परिक्षेत्र अंतर्गत उदउदा रानीटांगर गांव किनारे खेत मे धान की फसल को खाते हुए दो दंतैल को देखा गया। उसके बाद सूचना पर वनकर्मी व हाथी मित्रदल मौके पे पहुंच हाथी को जंगल की ओर भगाए हैं साथ ही समस्त प्रभावित ग्राम वासियों को हाथी आमद की जानकारी देकर सतर्क रहने अपील किया गया है ताकि हाथियों से किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने न आये। बिती रात धरमजयगढ़ वनमंडल और कोरबा वनमण्डल के सरहदी इलाका उदउदा के रानीटांगर गांव किनारे खेत मे दो नर हाथी को विचरण करते हुए देखा गया हाथी की मौजूदगी का आभास होते ही ग्रामीणों द्वारा वन विभाग में इसकी सूचना दी गई ख़बर पर संबंधित फारेस्ट गार्ड एवं हाथी मित्रदल मौके पे पहुंचकर उन्हें रिहायसी इलाके से होहल्ला कर जंगल की ओर भगाए हैं। हालांकि मौजूदा समय में बताया जा रहा है दोनों दंतैल वहीं करीबी जंगल में विचरण कर रहे हैं लिहाजा सुरक्षा की दृष्टि से विभाग द्वारा निकट ग्रामवासियों को हाथियो के संबंध में जानकारी दी जा रही है और बेहद सतर्क रहने की अपील की गई है।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर 24 घंटे के भीतर हुई दो लोगों की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**साम्हर सिंघा गांव में एक युवती की अचानक बिगड़ी हालत, अस्पताल में डक्टरों ने किया मृत घोषित तो वहीं अमृतपुर गांव में सर्पदंश से हुई महिला की मौत।**



धरमजयगढ क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो लोगों की मौत की घटना सामने आई है,पहली घटना अमृत पुर की है जहाँ की निवासी बांजो बाई को बेलिया करैत सांप ने डस लिया जिसे परिजनों द्वारा झाड़ फूक कराने में समय बीतने की वजह से मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना साम्हर सिंघा गांव की है जहाँ की एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध स्थिति मौत हुई है।

धरमजयगढ़ क्षेत्र के साम्हर सिंघा गांव में आज सुबह एक युवती की अचानक तबियत बिगड़ गई,इस दौरान घबड़ाए परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फिलहाल मृतिका के भाई से मिली जानकारी के अनुसार साम्हर सिंघा गांव में आज सुबह 20 वर्षीय सिरोबति राठिया का स्वास्थ्य अज्ञात कारणों से अचानक बिगड़ गया उसे दो बार उल्टी हुई और मूर्छित हो गई यह देख परिजन घबड़ाकर तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ लेकर पहुंच गए जहाँ चेकप बाद डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिए ऐसे में फिलहाल युवती की मौत की वजह फिलहाल पूरी तरह अज्ञात है।लिहाजा हॉस्पिटल की तहरीर पर आगे की कार्यवाई जारी है।

# धरमजयगढ सिसरिंगा के सहदेव ने पेश की मानवता की मिसाल

## माता पिता की स्मृति में दी निशुल्क एम्बुलेंस की सेवा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ सामाजिक सरोकार को लेकर दानदाताओं के द्वारा अक्सर कई मिसालें पेश की जाती रही हैं। यह मिसालें मानवता का परिचायक होने के साथ ही सामाजिक सद्भाव का संदेश भी देती हैं। मानवता की मिसाल पेश करने वालों की फेहरिस्त में एक और नाम जुड़ गया जब धरमजयगढ़ क्षेत्र के सहदेव मंडल ने भी अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों से मार्गदर्शन व अनुमति मांगी। जिस पर विधायक की सहमति के बाद उनकी उपस्थिति में आज धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल से विधिवत पूजा पाठ के बाद फीता काटकर हरि झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया इस दौरान विधायक ने सहदेव का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि एक दूसरे के सहयोग से ही बेहतर समाज का निर्माण होता है। विधायक ने कहा सहदेव का यह कार्य प्रेरणादायक है और हर किसी को सामाजिक सरोकार के लिए अपने स्तर पर यथासंभव प्रयास जरूर करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रवासियों को एक अतिरिक्त एम्बुलेंस की सेवा मिली है जो उनके लिए लाभदायक सिद्ध होगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर चराईडांड़ में उमड़ी भक्तों का भीड़

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



शिव मंदिर चराईडांड़ में उमड़ी भक्तों का भीड़, शिव मंदिर चराईडांड़ में इस वर्ष सावन के अंतिम सोमवार को सुबह 6 बजे से ही भक्तों का भीड़ लगना शुरू हो गया और देखते ही देखते श्रधालुओं का इतना जबरदस्त भीड़ हुआ कि लोगों को भगवान के दर्शन के लिए घंटों लाईन लगाने पड़े कहा जाता है कि यह शिव मंदिर जिला जशपुर का बहुत पुरातन मंदिर में से एक है और स्वयं भू प्रकट भगवान शिव जी हैं जिसे रियासत काल में जशपुर राजपरिवार इन्हें जशपुर ले जाकर स्थापित करना चाहते थे और शिवलिंग को जमीन से निकालने के लिए बहुत प्रयास किये बताया जाता है कि बहुत नीचे तक खोदवाया गया जितना नीचे खुदाई करते गए उतना ही नीचे शिवलिंग जमीन में धसते गया और अंत में शिवलिंग को हाथी से भी खिंचाई कराया गया लेकिन शिवलिंग अपने स्थान से टस ना मस नहीं हुए तो वहीं पर राज परिवार के द्वारा मंदिर निर्माण कराया गया है और क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि कोई भी मनोकामना लेकर श्रधालु भक्ति भावना से शिवलिंग में जल चढ़ावा करते हैं तो उनका मनोकामना पुरा भगवान शिव जी करते हैं इस लिए विशेष रूप श्रधालु सावन माह को सोमवार के दिन यहां जल चढ़ावा करते हैं जिससे अंतिम सावन सोमवार को हर वर्ष यहां भीड़ होते हैं इस वर्ष भी अंतिम सावन सोमवार को भारी संख्या में श्रधालुओं का भीड़ देखने को मिला मंदिर में श्रधालुओं के लिए इस सोमवार को ममता कश्यप डीडीण् सी दुलदुला एवं जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा जिला जशपुर के ओर से भंडारा दिया गया था वहीं सामाजिक स्वयं सेवी नरेन्द्र सिन्हा जी पतराटोली के द्वारा भी भंडारा दिया गया।

एक नजर

# विप्र महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव

## विप्र फाउंडेशन एवं ब्राम्हण महिला सेवा समिति का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विप्र समाज की राष्ट्रीय संस्था विप्र फाउंडेशन के महिला प्रकोष्ठ एवं ब्राम्हण सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रसिद्ध त्यौहार तीज उत्सव मनाया गया। संगठन महामंत्री मीना शर्मा ने बताया कि तीज उत्सव के दौरान विप्र समाज की सभी महिला शामिल हुई। जिसमें विप्र फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा मंजू जोशी एवं ब्राह्मण महिला सेवा समिति की अध्यक्षा एवं विप्र फाउंडेशन की सचिव बबीता शर्मा के नेतृत्व में धूमधाम से उत्सव मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य संगीत, गाना बजाना काफी उत्साहजनक तरीके से आयोजित किया गया। संगठन महामंत्री मीना शर्मा ने बताया कार्मेल स्कूल के सामने स्थित आशीर्वाद रजवाड़ा होटल में उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में बुके एवं पुरस्कार से वरिष्ठ विप्र महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# फर्म को राशि भुगतान नहीं, व्हाईट बोर्ड है सुरक्षित

**गरियाबंद** । जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्कूलों के लिए खरीदे गये व्हाइट बोर्ड की फर्म की राशि को भुगतान नहीं हुआ है। उक्त व्हाइट बोर्ड राशि भुगतान उपरांत विद्यालयों को वितरण किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर ने विगत दिवस समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के संबंध में जिला प्रशासन को प्रस्तुत प्रतिवेदन में अवगत कराया है कि छ.ग. भण्डार क्रय नियम के पालन के तहत सामग्री का क्रय ई मानक दर पर सी.एस.ई.डी.सी के नियम शर्तें एवं अनुबंध के निर्धारित दर के अनुसार फर्म सागर इंडस्ट्रीज जांजगीर-चांपा (छ.ग.) से व्हाइट बोर्ड हेतु क्रय आदेश जारी किया गया। जिसके पूर्व संबंधित फर्म को आबंटन नहीं होने की स्थिति में जानकारी दी गई थी, किन्तु फर्म के द्वारा आवंटन नहीं होने की स्थिति में भी क्रय आदेश जारी करवाकर स्वयं के जिम्मे में सामग्री को सप्लाई कर सामुदायिक भवन मैनपुर जिला गरियाबंद में व्हाइट बोर्ड को सुरक्षित रखा गया। आबंटन प्राप्त न होने के स्थिति में व्हाइट बोर्ड को विद्यालयों में वितरण नहीं किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी होगा समस्याओं का निराकरण

**राजनांदगांव** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश विनय कुमार कश्यप ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 अगस्त 2022 को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालयों के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवाशीष ठाकुर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों व प्री-लीटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# कांग्रेस नेता डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर के अगुवाई में सैकड़ों शिव भक्तों के साथ जैजैपुर से बरेकेल महानदी घाट से बाइक यात्रा निकालकर शिवलिंग में जल अभिषेख किया

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





आज सावन के अंतिम सोमवार को जैजैपुर में डॉ चौलेश्वर चन्द्राकर के साथ शिव भक्त बाइक यात्रा दोपहर 12 बजे निकाल कर गौरी कन्य्या मंदिर में आशीर्वाद लेकर शिव का उदघोष करते हुए बोल बम बोल का नारा लगाते हुए डीजे के साथ सैकड़ों लोगों ने ओडेकेरा, कुटरबोड, बरदुली, गुंजीबोड, देवरघटा, हसौद में जलपान करते हुए परसादा से सीधा बरेकेल महानदी घाट से जल लेकर शिवलिंग में अभिषेख किया गया। इस अवसर पर डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर ने क्षेत्र वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया। बाइक यात्रा में भारत का तिंरगा झंडा लेकर भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी का जय जय कार किया गया। आज के बाइक यात्रा में प्रमुख रूप से विजय चन्द्रा, सुरेन्द्र भार्गव, अमृत लाल साहू, किशोर चन्द्रा सतीश महेश, ओम प्रकाश बर्मन, रोहित चन्द्रा, टप कुमार कश्यप, राकेश अग्रवाल, अनिल रथुराम चन्द्रा, गोलू चन्द्रा, ताम्रध्वज चन्द्रा, हेतराम देवांगन, प्रदीप पटेल, ब्रेटली यादव, राकेश चन्द्रा, सहित सैकड़ों भक्त जन शामिल हुए।

# एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर में निशान यात्रा एवं श्याम अखंड ज्योति पाठ का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।





श्याम सेवा समिति एवं श्याम सखी मंडल द्वारा 8 अगस्त सोमवार को एकादशी के शुभ अवसर पर सुबह 8 बजे दुर्गा मंदिर अंबिकापुर रोड से श्याम मंदिर सत्य नारायण मंदिर परिसर तक निशान यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए निशान यात्रा के साथ-साथ उमंग के साथ श्याम भजनों में रंगे भक्तों ने श्याम मंदिर चढ़ाया निशान श्याम सेवा समिति श्याम सखी मंडल द्वारा श्याम मंदिर में दोपहर 2 बजे कथा वाचक राजेश अग्रवाल खरसिया के मुखारविंद से श्याम बाबा अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें समिति की तरफ से अखंड ज्योत पूजा पाठ एवं आए हुए भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी श्याम बाबा के माता-पिता की झांकी में भीम बनी राशि गोयल पिता सुधीर दीपा गोयल माता अहिलावती बनी वृद्धि गोयल पिता विकास नेहा अग्रवाल एवं श्याम बाबा बने छोटे से बच्चे बहुत ही मनमोहक रमणीय दृश्य उपस्थित महिलाओं ने भजन संगीत का भरपूर आनंद लिया बाबा के भजनों में जमकर लुफ्त उठाया श्याम सेवा समिति हर महीने मंदिर में बड़े आयोजन करती है श्याम मंदिर की पुरे प्रदेश में अलग ही पहचान बनी हुई है। दूर-दूर से भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

# भाई बहन की अटूट प्रेम का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह देखा जा रहा है। बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हो गया है। राखियां खरीदने बहनों की भीड़ जुट रही है। बहनें भाईयों के लिए विभिन्न डिजाइनों की राखियां खरीद रही है। दुकानदार ने इस वर्ष बेहतर कारोबार होने का अनुमान लगाया है। बाजार में पांच रुपये से लेकर 550 रुपये तक की राखियां उपलब्ध है। महंगाई के बाद भी परंपरा वाले इस पर्व को लेकर बाजार में जोरदार उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार राखियों के दाम में डेढ़ से दो गुना उछाल आया है। कोरोना संक्रमण के चलते दो साल से रक्षाबंधन में बाजार फीका रहा था। इस बार व्यापारियों ने बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है। राखियों से बाजार गुलजार हो गया है। इस बार स्वदेशी राखियों की अधिक मांग है।

स्वदेशी राखियों की कीमत भी बजट में है। जिसके चलते लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। पत्थलगांव बस स्टैंड मार्केट राखी का बाजार लगा हुआ है राखी विक्रेता प्याणी ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से वे और उनका परिवार इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं प्रतिवर्ष बस स्टैंड के पास राखी की दुकान लगाते हैं उन्होंने बताया कि राखी बेचकर उन्हें खुशी महसूस होती है भाई-बहन के पवित्र त्यौहार में अपनी सहभागिता का आभास होता है इससे लगाव हो गया है इनकी राखी कलकत्ता से आती है जो मार्केट से हटकर रहती है उनके अलावा भी दुकाने ज्यादा लगी है जैसे.जैसे त्यौहार नजदीक आ रहा है ग्राहकों की भीड़ राखी दुकान की ओर उमड़ रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in